दैनिक
लोकजीवन
राज्यस्तरीय विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त
संस्थापक - स्व. डॉ. शिवकुमार जी त्रिवेदी

■ वर्ष 51 ■ अंक 266 ■ भीलवाड़ा ■ शनिवार ■ 07 नवम्बर 2026 ■ कार्तिक कृष्णपक्ष –14 ■ संवत् 2083 ■ रजि. नं. 27201/76 ■ मूल्य 2 रूपया ■ पोस्टल रजि. नं. भीलवाड़ा/103/2024–2026

सभी प्रदेशवासियों को दीपावली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



चंद्र प्रकाश पारीक खजूरी
मो.9983852192

संयोजक पारीक समाज महर्षि पराशर समृद्धि विकास संस्थान ट्रस्ट जिरोता खुर्द जयपुर रोड दौसा राजस्थान

रूप चतुर्दशी पर बिखर रही सौंदर्य की रंगत: उबटन-श्रृंगार से दमका रूप

रात को दीयों की रोशनी से जगमगाएगी वस्त्रनगरी - बाजारों में खरीददारी के लिए ग्राहकों की खासी भीड़

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

वस्त्रनगरी में पांच दिवसीय दीपोत्सव के दूसरे दिन शनिवार को रूप चतुर्दशी का पर्व अपार उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

आरोग्य, सौंदर्य और पवित्रता के प्रतीक इस त्योहार पर तड़के से ही घरों में खुशहाली और मांगलिक कार्यक्रमों का दौर शुरू हो गया। शास्त्रों की परंपरा के अनुसार अलसुबह श्रद्धालुओं ने तिल के तेल, उबटन और जड़ी-बूटियों से स्नान कर आरोग्य व रूप समृद्धि की कामना की। शहर के प्रमुख मंदिरों से लेकर गली-मोहल्लों में तड़के से ही भक्ति का माहौल बना रहा। गृहिणियों ने परंपरा निभाते हुए यमराज के नाम का दीपदान कर परिवार की लंबी उम्र और निरोगी काया की प्रार्थना की।



आज रोशन होंगे घर, कल महालक्ष्मी पूजन का महापर्व

शनिवार शाम ढलते ही भीलवाड़ा शहर दीपों की लड़ी से जगमगाएगा। मुख्य द्वार पर 14 दीपक जलाकर यमदीपदान की रस्म पूरी की जाएगी। रविवार को कार्तिक अमावस्या के पावन अवसर पर दीपोत्सव का मुख्य पर्व दीपावली अपार श्रद्धा और वैभव के साथ मनाया जाएगा। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार इस बार दीपावली पर सर्वार्थ सिद्धि और अमृत सिद्धि योग का विशेष संयोग बन रहा है, जो व्यापार और समृद्धि के लिए अत्यंत शुभ फलदायी है। कल भीलवाड़ा के घर-घर और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में धन-धान्य की अधिष्ठात्री देवी मां लक्ष्मी, विद्या की देवी सरस्वती और विघ्नहर्ता भगवान श्रीगणेश का पूजन किया जाएगा। व्यापारी वर्ग अपने बही-खातों और नए लेखा-पुस्तकों का पूजन कर नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत करेंगे। शहर के प्रमुख व्यावसायिक बाजारों में महालक्ष्मी पूजन की भव्य तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। दीपावली की शाम वस्त्रनगरी को अलौकिक रूप से सजाया जाएगा। शहरवासियों द्वारा अपने-अपने प्रतिष्ठानों और घरों पर आकर्षक रंगोली सजाकर और दीपमालाएं प्रज्वलित कर महालक्ष्मी का अभिनंदन किया जाएगा। पुलिस एवं नगरनिगम एवं पुलिस प्रशासन ने त्यौहार को देखते हुए यातायात और सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए हैं।

शहर के प्रमुख बाजारों में रौनक, निखरा रूप

रूप चतुर्दशी के अवसर पर शहर के ब्यूटिशियन और सैलून सेंटर्स में सुबह से ही महिलाओं और युवाओं की भारी भीड़ देखी गई। दीपावली की मुख्य पूजा से पूर्व खुद को संवारने के लिए सौंदर्य प्रसाधन केंद्रों पर विशेष तैयारियां रही। उधर, सूचना केंद्र चौराहा, गोल प्याऊ चौराहा, भूपालगंज और आजाद चौक स्थित बाजारों में खरीददारी के लिए ग्राहकों की खासी भीड़ उमड़ी। पूजा सामग्री, दीए, खील-बताशे और नए कपड़ों की दुकानों पर देर रात तक हलचल बनी रही।

दीपावली
पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं



BHILWARA SOCIAL CREW

दीपावली पर रेलवे स्टेशन पर होगी महालक्ष्मी की महाआरती

12 कलाकार देंगे आकर्षक प्रस्तुति-महेंद्र अलबेला की होगी भजन संध्या

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

दीपावली की रौनक के बीच वस्त्रनगरी में इस बार भक्ति और उत्सव का अनूठा संगम देखने को मिलेगा।

नगर निगम की ओर से दीपावली के उपलक्ष्य में भव्य महाआरती एवं विशाल भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है, जिसे लेकर तैयारियां जोरों पर शुरू हो गई हैं। महापौर जसवंत कंवर ने जानकारी दी कि 8 नवंबर को रात 8.30 बजे रेलवे स्टेशन के पास महाआरती आयोजित होगी, जिसमें शहरवासी बड़ी संख्या में शामिल होकर दीपोत्सव को यादगार बनाएंगे। सबसे बड़ा आकर्षण जयपुर से आने वाला प्रसिद्ध महाआरती कलाकार ग्रुप होगा। इस ग्रुप के 12 कलाकार अपनी विशेष प्रस्तुतियों से महाआरती को बेहद भव्य और आकर्षक बनाएंगे। सुप्रसिद्ध भजन गायक महेंद्र अलबेला एंड पार्टी द्वारा भक्ति गीतों की प्रस्तुतियां दी जाएंगी, जिससे पूरी भजन संध्या में श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर नजर आएंगे। निगम आयुक्त कमल सिंह यादव ने इस आयोजन को लेकर शहरवासियों में भारी उत्साह होने की जानकारी दी है। वहीं महापौर जसवंत कंवर ने सभी शहरवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर महाआरती और भजन संध्या का लाभ उठाएं। धार्मिक उल्लास से सराबोर यह भव्य आयोजन भीलवाड़ा शहर के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक परिवेश में चार चांद लगाएगा। ऐसे आयोजनों से न केवल आपसी भाईचारा और सांस्कृतिक एकता मजबूत होती है, बल्कि पर्व का आनंद भी कई गुना बढ़ जाता है।







सभी प्रदेशवासियों को दीपावली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

मुकेश कुमार साहू
मो 9929350320

HP GAS
जी हाँ

ऑनलाइन बुकिंग एवं भुगतान की सेवा भी उपलब्ध

मिस्ड कॉल से hp गैस बुक करे	:	9493602222
व्हाट्सअप sms	:	9222201122
फोन बुकिंग	:	7891023456
ऑफिस	:	1485- 234066

मातेश्वरी HP गैस सर्विस
पीपलुंद, तह. जहाजपुर, भीलवाड़ा



सभी प्रदेशवासियों को दीपावली के पावन पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



गोपीचंद मीणा
भाजपा एसटी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष एवं
विधायक जहाजपुर कोटड़ी

जहाजपुर नगरवासियों से अपील

- प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0
- मुख्यमंत्री शहरी रोजगार गारंटी योजना
- स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0
- श्री अन्नपूर्णा रसोई योजना
- स्वच्छता ही सेवा-2026 (स्वच्छ जहाजपुर स्वस्थ जहाजपुर)
- शहरी सेवा शिविर-2026
- सेवा सेतु अभियान-2026
- प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना
- 7 विकसित भारत जनसेवा अभियान
- (19 राजस्थान सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना
- एक पेड मॉं के नाम अभियान
- राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना (NFSA)
- जन्म-मृत्यु, विवाह का पंजीकरण समय पर करवाये
- राजकीय भूमि / नगर पालिका भूमि पर अतिक्रमण नही करे
- सार्वजनिक सम्पति की सुरक्षा करे
- नगरीय विकास कर समय पर जमा करवाये प
- बिना निर्माण स्वीकृति भवन निर्माण नही करे
- डॉ. भीमराव अम्बेडकर ई-लाइब्रेरी



अलकेश वैष्णव
अध्यक्ष- नगर पालिका जहाजपुर



शुभेच्छु : कार्यालय नगर पालिका मण्डल जहाजपुर जिला भीलवाड़ा

पटाखा बाजार गुलजार, आसमान में ड्रोन दिखाएंगे रंगीन आतिशबाजी, 76 स्टॉल पर सजी

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

दीपावली का त्योहार आते ही वस्त्रनगरी भीलवाड़ा का पटाखा बाजार पूरी तरह गुलजार हो चुका है। बाजार सज चुके हैं और परिवारों के साथ लोग आतिशबाजी की खरीदारी के लिए पहुंच रहे हैं, जहां इस बार ड्रोन लाइट शो और कई नई वैराइटी मुख्य आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं।

जिला प्रशासन ने शहर में पटाखा बिक्री के लिए तीन मुख्य स्थान निर्धारित किए हैं, जिनमें राजेंद्र मार्ग स्कूल मैदान 60 स्टॉल, ग्रामीण हाट बाजार 6 स्टॉल और लेबर कॉलोनी 10 स्टॉल शामिल हैं। इस प्रकार शहर में कुल 76 स्टॉल पर आतिशबाजी की बिक्री हो रही है और व्यापारियों को अच्छी बिक्री की उम्मीद है। इस बार बाजार में आसमान में उड़ने वाले ऐसे ड्रोन चर्चा में हैं जो रंग-बिरंगी लाइटिंग और साउंड के जरिए दीपावली की रात को खास बनाएंगे। इसके अलावा रंगीन रोशनी वाली कोठी, सायरन रॉकेट, और मिट्टी से बने अशर्फी अनार जैसी वैराइटी भी



ग्राहकों को लुभा रही हैं। बच्चों को रोशनी बिखेरने वाले पटाखे पसंद आ रहे हैं, वहीं युवाओं में तेज आवाज वाले पटाखों को लेकर उत्साह है। धुएं और प्रदूषण को लेकर बढ़ती जागरूकता के बीच ग्रीन और इको-फ्रेंडली पटाखों की मांग बढ़ी है। व्यापारी कम धुआं छोड़ने वाले उत्पादों को प्रमुखता दे रहे हैं। सुरक्षा व्यवस्था के लिए दुकानों के बाहर पानी से भरे दो ड्रम, रेत की बाल्टियां और अग्निशमन उपकरण रखे गए हैं। साथ ही, यह चर्चा भी है कि जिन लोगों के नाम दुकानें आवंटित हुईं उन्होंने मुनाफा लेकर दुकानें दूसरों को सौंप दी हैं। मालूम हो कि दीपावली की चमक और आतिशबाजी के इस उत्साह के बीच यह बेहद जरूरी है कि उत्साह लापरवाही में न बदले। पटाखे खरीदते समय उनकी गुणवत्ता और वैधता जांचें तथा बच्चों को पटाखों से दूर रखकर बड़ों की निगरानी में ही सुरक्षित रोशनी वाले उत्पादों का इस्तेमाल करें, ताकि यह पर्व सुरक्षित और आनंदमय तरीके से मनाया जा सके।

दिवाली पर प्रमोशन का तोहफा जितेंद्र ओझा उप निदेशक व संजय झा प्रशासनिक अधिकारी बने

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

राज्य सरकार ने दिवाली के अवसर पर सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के 28 तथा हाउसिंग बोर्ड के 10 कर्मचारियों को प्रमोशन का तोहफा दिया है।

सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के तकनीकी निदेशक एवं संयुक्त सचिव रामेश्वर लाल सोलंकी ने राजस्थान कंप्यूटर राज्य सेवा के प्रोग्रामर का चयन वर्ष 2026-27 की रिक्ति के विरुद्ध एनालिस्ट कम प्रोग्रामर (उप निदेशक) के पद पर प्रमोशन ऑर्डर जारी किए। इनमें भीलवाड़ा के जीपीएफ कार्यालय में कार्यरत प्रोग्रामर जितेंद्र ओझा भी शामिल हैं। उनका प्रमोशन एक नवंबर 2026 से किया गया है। इसी तरह हाउसिंग बोर्ड के अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी संजय झा को सहायक आवासन अधिकारी (प्रशासनिक अधिकारी) के पद पर पदोन्नति दी।

बोर्ड सेक्रेट्री गोपाल सिंह द्वारा जारी आदेश में झा को एक अप्रैल 2026 से प्रमोशन मिला है। राज्य सरकार में इस पद को प्रशासनिक अधिकारी कहा जाता है। झा ने बताया कि धनतेरस के अवसर पर आवासन मंडल मुख्यालय जयपुर ने विभिन्न कैडर के 60 कार्मिकों को पदोन्नत किया है।

बायोस्कोप के पास रेलवे ट्रैक पर मिला क्षत-विक्षत शव, ट्रेन हादसे की आशंका

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

शहर के अजमेर रोड स्थित बायोस्कोप के सामने रेलवे लाइन पर एक व्यक्ति का क्षत-विक्षत शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है।

शनिवार सुबह रेलवे ट्रैक के पास शव देखकर मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। जानकारी के अनुसार, मृतक ने लाल और आसमानी समेत विभिन्न रंगों की शर्ट तथा नीले रंग का लोअर पहन रखा था। आसपास के लोगों और पुलिस की शुरुआती आशंका के मुताबिक व्यक्ति की मौत किसी ट्रेन की चपेट में आने से हुई है। हालांकि, मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पुलिस जांच और मृतक की शिनाख्त के बाद ही हो सकेगा। घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। यह घटना सुरक्षा और दुर्घटनाओं के लिहाज से गंभीर चिंता का विषय है। पुलिस और प्रशासन को प्राथमिकता के आधार पर मृतक की शिनाख्त कर यह पता लगाना चाहिए कि यह हादसा था या इसके पीछे कोई अन्य कारण, ताकि उचित कानूनी कार्रवाई की जा सके।







कार्यालय ग्राम पंचायत मनोहरपुरा



दीपावली के पावन पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

धीरज गुर्जर
पूर्व राज्य मंत्री- राजस्थान सरकार
पूर्व अध्यक्ष - राजस्थान राज्य बीज निगम लि.

देवेन्द्र सिंह आमल्दा
ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस जहाजपुर



ग्रामवासियों से अपील
- आबादी भूमि पर अतिक्रमण नहीं करें।
- जन्म-मृत्यु का पंजीकरण अवश्य कराएं।
- हर घर में शौचालय का निर्माण कराएं।
- ग्राम पंचायत को साफ व स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करें।
- नए निर्माण कार्य से पूर्व ग्राम पंचायत की स्वीकृति लेवें।



बन्ना लाल रेगर
ग्राम विकास अधिकारी

गमराज कंवर
सरपंच - मनोहरपुरा

कुलदीप सिंह (बनजी बन्ना)
समाजसेवी

-: शुभेच्छु :-

समस्त ग्रामवासी, ग्राम पंचायत मनोहरपुरा
पंचायत समिति खजुरी, जिला- भीलवाड़ा

सभी प्रदेशवासियों को दीपावली के पावन पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



श्रीमती चांदनी जांगिड़
सरपंच
ग्राम पंचायत हंसेडा

श्रीमती माना देवी
उप सरपंच
ग्राम पंचायत हंसेडा

महेन्द्र लाल सुथार
समाजसेवी
ग्राम पंचायत हंसेडा

गोपीचंद मीणा
भाजपा एसटी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष एवं
विधायक जहाजपुर कोटड़ी

ग्रामवासियों से अपील
- आबादी भूमि पर अतिक्रमण नहीं करें।
- जन्म-मृत्यु का पंजीकरण अवश्य कराएं।
- हर घर में शौचालय का निर्माण कराएं।
- ग्राम पंचायत को साफ व स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करें।
- नए निर्माण कार्य से पूर्व ग्राम पंचायत की स्वीकृति लेवें।

शुभेच्छु

समस्त वार्डपंचगण एवं समस्त ग्रामवासी

कार्यालय ग्राम पंचायत हंसेडा
पंचायत समिति खजूरी जिला भीलवाड़ा



सभी प्रदेशवासियों को दीपावली के पावन पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

गोपीचंद मीणा
भाजपा एसटी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष एवं
विधायक जहाजपुर कोटड़ी

श्रीमती पूजा मीणा
सरपंच
ग्राम पंचायत गाडोली



रेखा देवी
उप सरपंच



मनीष मीणा
समाजसेवी

ग्रामवासियों से अपील
- आबादी भूमि पर अतिक्रमण नहीं करें।
- जन्म-मृत्यु का पंजीकरण अवश्य कराएं।
- हर घर में शौचालय का निर्माण कराएं।
- ग्राम पंचायत को साफ व स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करें।
- नए निर्माण कार्य से पूर्व ग्राम पंचायत की स्वीकृति लेवें।



पूजा देवी वार्ड 1



लक्ष्मीनारायण वार्ड 2



ऋतु देवी वार्ड 3



विष्णु कुमार वार्ड 5



सुशीला देवी वार्ड 6



सुंदर सिंह मीणा वार्ड 7

शुभेच्छुः समस्त वार्डपंचगण एवं समस्त ग्रामवासी
कार्यालय ग्राम पंचायत गाडोली, पं.स. जहाजपुर जिला भीलवाड़ा



सभी प्रदेशवासियों को दीपावली के पावन पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

ग्रामवासियों से अपील
- आबादी भूमि पर अतिक्रमण नहीं करें।
- जन्म-मृत्यु का पंजीकरण अवश्य कराएं।
- हर घर में शौचालय का निर्माण कराएं।
- ग्राम पंचायत को साफ व स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करें।
- नए निर्माण कार्य से पूर्व ग्राम पंचायत की स्वीकृति लेवें।

गोपीचंद मीणा
भाजपा एसटी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष एवं
विधायक जहाजपुर कोटड़ी

गुरुदयाल मीणा
सरपंच ग्राम पंचायत गुढ़ा

शुभेच्छु

समस्त वार्डपंचगण एवं समस्त ग्रामवासी

कार्यालय ग्राम पंचायत गुढ़ा, पं.स. खजूरी जिला भीलवाड़ा

दीपावली पर दुल्हन की तरह सजा जहाजपुर रोशनी से जगमगाया कस्बा

पालिका अध्यक्ष अलकेश वैष्णव की पहल से शहरवासियों में खुशी का माहौल, दीपोत्सव की रौनक ने बढ़ाया आकर्षण

लोकजीवन न्यूज सर्विस, जहाजपुर

दीपावली के पावन पर्व पर जहाजपुर कस्बा दुल्हन की तरह सजकर रोशनी से जगमगा उठा।

आकर्षक सजावट, चमचमाती रोशनी और दीपोत्सव की छटा ने कस्बे की सुंदरता में चार चांद लगा दिए। दीपावली के अवसर पर कस्बे में नजर आ रही भव्य सजावट लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। नगरपालिका अध्यक्ष अलकेश वैष्णव की पहल से दीपावली पर कस्बे को आकर्षक रूप देने के प्रयासों से शहरवासियों में खुशी का माहौल है। रोशनी से सजे बाजार और कस्बे की खूबसूरती ने त्योहार की खुशियों को और बढ़ा दिया है। दीपावली पर जहाजपुर का यह मनमोहक नजारा लोगों के बीच उत्साह, उमंग और उल्लास का संचार कर रहा है। कस्बे में चारों ओर दिखाई दे रही जगमगाहट से दीपोत्सव की खुशियां देखते ही बन रही हैं।





जहाजपुर कस्बे के मांडलगढ़ रोड पर नागदी बांध ओर पहाडियों का मनमोहक नजारा । – भगवत सिंह टाक

जूडो खेल को बढ़ावा देने की पहल, युवाओं को मिलेंगे आत्मरक्षा के गुर

लोकजीवन न्यूज सर्विस, पीथास

ग्रामीण क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से पीथास में श्री बजरंग व्यायामशाला जूडो सेंटर शुरू करने की पहल की जा रही है। इसको लेकर प्रचार-प्रसार शुरू कर दिया गया है, ताकि अधिक से अधिक बच्चे एवं युवा जूडो खेल से जुड़कर इसका लाभ उठा सकें। प्रस्तावित जूडो सेंटर में प्रशिक्षक दशरथ दमामी के मार्गदर्शन में बच्चों एवं युवाओं को जूडो का प्रशिक्षण देने की योजना है। यहां खिलाड़ियों को जूडो की तकनीक, शारीरिक फिटनेस, अनुशासन एवं आत्मरक्षा के गुर सिखाए जाएंगे। इस पहल का मुख्य उद्देश्य पीथास सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को उचित मंच प्रदान करना तथा बच्चों एवं युवाओं को खेलों के माध्यम से स्वस्थ, आत्मनिर्भर और अनुशासित बनाना है। साथ ही स्थानीय खिलाड़ियों को भविष्य में जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है।









आज का विचार

जनता व अदालत के बीच में पुलिस महत्वपूर्ण कड़ी है। जिससे गुजरते समय भी सबसे डरावना प्रतीत होता है।

शिवकुमार त्रिवेदी चिंतन सरिता

दैनिक लोकजीवन

हिरासत, गिरफ्तारी अलग नहीं

अपेक्षा की जाती है कि पुलिस व आमजन में भरोसा बढ़े। लोग नीडर होकर पुलिस थाने पहुंचे और अपनी पीड़ा व्यथा बताये। लेकिन उच्च स्तरीय प्रयासों के बाद भी संबंधों में मधुरता की गुंजाइश नहीं बनती। आमजन में पुलिस का खौफ रहता है। फरियादी थाने में जाने से कतराता है। क्योंकि वहां जाने पर ऐसा व्यवहार किया जाता है कि मानो वह अपराधी हो। वहीं अपराधी बेखौफ आते जाते है। क्योंकि वे पुलिस के हत्थे चढ़ते ही रहते है। इसलिए उनमें डर नहीं रहा गया। उन्हें पता है कि यदि छूट भी गये तो आना तो वापस यही है। यानी उनका पुलिस से मेलजोल बढ़ जाता है। भले ही पहले के मुकाबले कई गुना पुलिस व्यवहार में सुधार हुआ हो। मानवाधिकार से लगाकर न्यायपालिका के हस्तक्षेप के चलते पुलिस आरोपियों से पहले जैसी सख्ती नहीं कर सकती हऔर न ही कानून में चूक कर सकती है। बावजूद इसके पुलिस तो पुलिस ही होती है यदि पुलिसिया स्वरूप नहीं दिखाया जाय तो लोग उनसे कैसे डरेंगे। कानून और धाराओं की तो उन्हें जानकारी है। इसलिए किसी भी प्रकरण में सावधानी बरतते हुए भी आरोपियों को प्रताड़ित करने से नहीं चूकती। पूछताछ न ही किसी प्रकरण में हिरासत में लेकर मामले की तहकीकात करती है तो पकड़े जाने के बाद भी उसकी गिरफ्तारी नहीं दिखाती। ताकि अधिक समय तक उसे कस्टडी में रखा जा सके। गिरफ्तारी दिखाने के साथ पुलिस की जिम्मेदारी भी बढ़ जाती है।

पुलिस ज्यादतियों पर कानून ही नियंत्रण कर सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने पुलिस ज्यादतियों पर अंकुश लगाने के लिए अपने एक फैसले में कहा कि हिरासत में लेना व दस्तावेज में औपचारिक गिरफ्तारी दिखाना अलग-अलग नहीं है। अरेस्ट और डिटेन को संयुक्त या योजक शब्द के तौर पर देखा जाना चाहिए। इसलिए दोनों शब्दों का एक ही मतलब है संविधान अरेस्ट से अलग किसी भी डिटेंशन को मान्यता नहीं देता है। पुलिस द्वारा किसी व्यक्ति को पकड़ने (डिटेन यानी हिरासत में लेने) के साथ ही उसकी गिरफ्तारी मानी जायेगी। उसे 24 घंटे में मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश करने के समय की गणना डिटेन के समय से होगी। जस्टिस उज्जवल भुईयां व जस्टिस चंदुरकर की बैंच ने त्रिपुरा से संबंधित मामले में यह फैसला सुनाया। बैंच ने कहा कि डिटेन के समय से 24 घंटे बाद मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया जाता है तो व्यक्ति को तत्काल रिहा किया जाना चाहिए। हिरासत के बजाय औपचारिक गिरफ्तारी से 24 घंटे की गणना करना संविधान के अनुच्छेद 22 (2) के संवैधानिक जनादेश के विपरित है। मौलिक अधिकार को कुछ समय के लिए निलम्बित नहीं कर सकते। आज आवश्यकता इस बात की है कि आदेश के अनुरूप पुलिस अपनी परिभाषा में भी संशोधन करें ताकि समय गणना में चूक न हो।

कड़वी घूंट -सूरज

बहस की चुनौती ...

राजनेताओं के लिए विरोधी की आलोचना अपने तर्क और बचाव के तरीके अलग नहीं होते। सदन में वे अलग तरह का व्यवहार करते है तो सड़क पर अलग तरह का क्योंकि सदन के नियम व मर्यादाएं है। जिनको ध्यान में रखते हुए ही बोलना होता है जबकि सड़क पर कहीं बात के लिए कोई जिम्मेदारी नहीं होती। कब कहें और कब पलट जाय कहा नहीं जा सकता।

विपरित इसके अपनी बात और तर्क को सही ठहराने के लिए विपक्षी नेता को ऐसी चुनौती देते है। मानो आमने सामने हो ही रहे हो। लेकिन वे नेता है तो सामने वाला भी नेता है उसे भी पता है कि किस बात का किस तरीके से जवाब देना है। जवाब देना भी है या बिना जवाब दिए ही काम चल जाएगा।

इस क्रम में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री को खुली बहस की चुनौती दी है। समय स्थान भी आपका, हो जाये सामने बहस। इसका जवाब गृह मंत्री अमित शाह ने देते हुए कहा कि हरियाणा के किसी भी चौराहे पर भाजयुमो के किसी भी नेता से राहुल बहस कर ले। साथ ही संसद में सार्थक चर्चा के लिए आमंत्रित किया। जबकि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि कांग्रेस में हिम्मत है तो संसद में आये। हम दो-दो हाथ करने को तैयार है। अब हय आप जानो कि नेता प्रतिपक्ष सीधे बहस करने के इच्छुक है। यदि बहस ही करनी है तो संसद सर्वात्तम स्थल है। जहां से विधिवत रूप से नेता प्रतिपक्ष भी जो है उन्हें बहस से कौन रोक रहा बल्कि आमंत्रण दे रहे है।

हिन्दुस्तान जिंक ने दी कर्मचारियों को सौगात बोनस, एक्सग्रेसिया, गुडविल जेस्चर की घोषणा

लोकजीवन न्यूज सर्विस, गुलाबपुरा



हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड में वित्तीय वर्ष 2025 -26 के लिए बोनस/एसग्रेसिया,गुडविल जेस्चर के लिए हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड के प्रबंधन एवं हिंदुस्तान जिंक वर्कर्सफेडरेशन के बीच समझौता सम्पन्न हुआ समझोते के अनुसार स्थाई श्रमिकों को एक्सग्रेसिया राशि 166500 रुपये समान रूप से सभी को मिलेगा इसी के साथमाइंस मे कार्य करने वाले ठेका श्रमिकों को समान रूप से 108500 रुपये कि राशि मिलेगी,फैक्ट्री एवं सरफेस पर कार्य करने वाले ठेका श्रमिकों को एक महीने कीवास्तविक तनख्वाह के साथ 28000 रुपये कि राशि गुडविल जेस्चर के रूप में एवम अगुचा माइंस के ऑपरेटर को 29000 रुपये कि राशि गुडविल जेस्चर के रूप मेंमिलेगी. प्रबंधन पक्ष की ओर से कंपनी के सीईओ अमरेंदु प्रकाश,सी एच आर ओ मुनीश वासुदेवा,सी एफ ओ अमित गुप्ता, सी ओ ओ किशोर एस, सी एफ ओमाइनिंग पुनीत चौधरी, सी एच आर ओ - ऑपरेशन्स मोहम्मद अली के साथ एच आर टीम के सदस्य अक्षत यादव, अनूप कुमार, सौरभ मिश्रा, ममता शर्मा, सुमनसौरव, परवेज पठान तथा हिंदुस्तान जिंक वर्कर्स फेडरेशन के अध्यक्ष यु एम शंकर दास, महामंत्री कल्याण सिंह शक्तावत, सह महामंत्री प्रकाश श्रीमाल, मांगीलालअहीर, मदनेस लोढ़ा, घनश्याम सिंह राणावत, महेंद्र सोनी, लालू राम मीणा एवं रणजीत सिंह ने बोनस एक्सग्रेशिया के समझौते पर हस्ताक्षर किए।

अन्नपूर्णा रसोई का हुआ सुचारू संचालन, जरूरतमंदों को मिलने लगा भोजन



लोकजीवन न्यूज सर्विस, आसींद

राजस्थान सरकार के स्वायत्त शासन विभाग के आदेशानुसार और स्थानीय नागरिकों व समाजसेवियों के विशेष प्रयासों से आसींद नगर पालिका क्षेत्र में बंद पड़ी अन्नपूर्णा रसोइयों का संचालन एक बार फिर से सुचारू रूप से शुरू हो गया है। जानकारी के अनुसार, नगर पालिका आसींद क्षेत्र में संचालित रसोई संख्या 1135, 1171 एवं 1172 का संचालन कर रही संस्था मदर डे एकेडमी थागाजी अलवर द्वारा बिना अग्रिम सूचना के रसोइयों का संचालन बंद कर दिया गया था। दीपावली एवं आगामी त्योहारों के मद्देनजर जरूरतमंदों को सुगमता से भोजन मिलता रहे, इसके लिए नगर निगम भीलवाड़ा द्वारा नई संस्था के चयन हेतु ईओआई जारी की जा चुकी है। जब तक नई संस्था का स्थायी चयन नहीं होता, तब तक निकटवर्ती नगरीय निकाय नगरपालिका बनेड़ा में कार्यरत संस्था श्रद्धा संस्थान को अस्थायी रूप से अन्नपूर्णा रसोई के संचालन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह जानकारी समाजसेवी निर्मल मेहता द्वारा दी गई। स्थानीय लोगों ने अन्नपूर्णा रसोई सुचारू रूप से संचालित हो गई है।

त्रिपाठी परिवार ने परमार्थ औषधालय भवन के नवीनीकरण का किया शुभारंभ



बिजयनगर। धनतवतरि जयंती व राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर शहर के त्रिपाठी परिवार द्वारा स्व शिवदयाल जी त्रिपाठी की प्रेरणा से श्री परमार्थ औषधालय भवन के नवीनीकरण भवन का शुभारंभ पटवारी स्व शिवदयाल त्रिपाठी की धर्मप%ी कमला देवी त्रिपाठी ने पूजा अर्चना कर फीता काट कर किया गया। परमार्थ औषधालय भवन में आयोजित नवीनीकरण उद्घाटन समारोह में श्री परमार्थ औषधालय के सदस्यों ने त्रिपाठी परिवार के सदस्यों का माल्यार्पण कर,शाल ओढ़ाकर सम्मान व अभिनंदन किया। समारोह में परमार्थ औषधालय के मंत्री तेजमल बुरड़ ने श्री परमार्थ औषधालय के स्थापना से लेकर आज तक की जानकारी दी।स्व शिवदयाल जी त्रिपाठी के योगदान की सराहा।त्रिपाठी परिवार का आभार जताते हुए नये सदस्यों को सदस्यता ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया। श्री परमार्थ औषधालय के वरिष्ठ वैघ नंदकिशोर शर्मा का भी श्री परमार्थ औषधालय के पदाधिकारीयो ने सम्मान किया। वैघ नंदकिशोर शर्मा ने आयुर्वेद का सुलभ उपचार उपलब्ध हो इसके लिए स्व शिवदयाल त्रिपाठी की प्रेरणा व सोच मरीज को सुलभ उपचार उपलब्ध करवाना है। त्रिपाठी परिवार के सदस्य विशिष्ट अतिथि ओमप्रकाश त्रिपाठी ने पिता स्व शिवदयाल जी त्रिपाठी की प्रेरणा से नवीनीकरण भवन का उद्घाटन हुआ। पिता की समाज सेवा, समर्पण से सामाजिक संगठनों व सेवा संगठनों में महत्वपूर्ण योगदान मिलता रहा है। आगे भी त्रिपाठी परिवार देता रहेगा। व्यापारिक एसोसिएशन के तत्वावधान में संचालित श्री परमार्थ औषधालय भवन में नये भवन के नवीनीकरण से औषधालय के आधुनिकीकरण में पूरा सहयोग मिलेगा तथा मरीज आयुर्वेद उपचार का सुलभता से लाभ ले सकेंगे। समारोह में श्री परमार्थ औषधालय के अध्यक्ष प्रेमराज बोहरा,मदन गोपाल बाल्दी ने भी संबोधित किया। संचालन पीके शर्मा ने किया। इस दौरान श्री परमार्थ औषधालय के कोषाध्यक्ष अभय सांखला, सहित अन्य सदस्य व्यापारिक एसोसिएशन के भंवरलाल कोठारी, निहाल चंद सांड, गोपीचंद चौरडिया, दिलीप मेहता, धनराज कांवड़िया,साहब शरण आचार्य, सूर्य प्रकाश शर्मा, सत्यनारायण व्यास, ज्ञानसिंह सांखला, मूलचंद नाबेड़ा , बद्रीनारायण मिश्रा,गुमानमल लोढ़ा सहित अन्य शहर की संस्थाओं से जुड़े पदाधिकारी व सदस्य सहित वरिष्ठ जन भी उपस्थित थे।

गौ सेवा के प्रति समर्पण किये 50 हजार की राशि



लोकजीवन न्यूज सर्विस, गुलाबपुरा

105 वर्ष की उम्र में भी गौ सेवा के प्रति जागृत भावना रखने वाले परम गौभक्त हरिगोपाल शर्मा, ग्राम कोठिया के परिवार द्वारा श्री माधव गौ उपचार केंद्र परिवार गुलाबपुरा को अपने कोठिया निवास स्थान पर आमंत्रित कर गौ सेवा हेतु ?50,000/- (पचास हजार रुपये) का सहयोग प्रदान किया गया। हरिगोपाल शर्मा अपने निवास स्थान पर वर्षों से जरूरतमंद लोगों को मस्सा एवं पथरी के उपचार हेतु निःशुल्क दवाइयाँ भी उपलब्ध करवाते हैं। इस पुण्य अवसर पर उनके सुपुत्र पूर्व सरपच बालकृष्ण शर्मा एवं सत्यनारायण व्यास व उपचार केंद्र की टीम सदस्य पर उपस्थित रहे।श्री माधव गौ उपचार केंद्र परिवार ने गौभक्तों का आभार व्यक्त किया।

मतदाता सूचियों में दावे-आपत्तियां दर्ज कराने की प्रक्रिया 12 से

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रमः मतदाताओं की सहायता के लिए जिला संपर्क केंद्र स्थापित

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा



भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 1 जनवरी 2027 के संदर्भ में जिले में निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम संचालित किया जाएगा। उपजिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित कर पुनरीक्षण कार्यक्रम, विधानसभा क्षेत्रवार निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की नियुक्ति, बूथ स्तरीय अभिकर्ताओं एवं मतदाता पंजीकरण प्रक्रिया बताई गई।

निर्वाचक नामावलियों का प्रारूप प्रकाशन 12 नवंबर 2026 को किया जाएगा। इसी दिन से दावे एवं आपत्तियां प्रस्तुत करने की प्रक्रिया प्रारंभ होगी, जो 11 दिसंबर 2026 तक चलेगी। प्राप्त दावों एवं आपत्तियों का निस्तारण 28 दिसंबर 2026 तक किया जाएगा तथा निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 04 जनवरी 2027 को होगा।

वर्तमान में जारी पंचायत चुनावों को देखते हुए विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत मतदान केंद्रों के पुनर्गठन एवं सुव्यवस्थीकरण संबंधी गतिविधियों में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा शिथिलता प्रदान की गई है।

मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों द्वारा बूथ लेवल एजेंट-1 नियुक्त किए गए हैं। इनके माध्यम से प्रत्येक मतदान केंद्र पर बूथ लेवल एजेंट-2 की नियुक्ति की जानी है। राजनीतिक दलों से निर्धारित प्रारूप में बीएलए-2 की नियुक्ति करने तथा नियुक्त अभिकर्ताओं के फोटो एवं मोबाइल नंबर सहित नामों की सूची संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय एवं जिला कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में मोहम्मद हारून रंगरेज, डॉ.नवर% जैन, चंद्रप्रकाश अमरवाल, ईश्वर खोईवाल, दुर्गेश शर्मा, आर एन व्यास, किशन लाल कीर उपस्थित रहे।

2198 मतदान केंद्रों पर बीएलओ नियुक्त

जिले के सात विधानसभा क्षेत्रों में कुल 2198 मतदान केंद्र निर्धारित हैं। इनमें 369 शहरी एवं 1829 ग्रामीण मतदान केंद्र शामिल हैं। विधानसभा क्षेत्र आसींद में 365, मांडल में 326, सहाड़ा में 315, भीलवाड़ा में 264, शाहपुरा में 322, जहाजपुर में 296 तथा मांडलगढ़ में 310 मतदान केंद्र हैं। इन सभी मतदान केंद्रों पर 2198 बूथ लेवल अधिकारियों तथा 226 सुपरवाइजर की नियुक्ति की गई है।

किसी भी जानकारी के लिए यहां कर सकेंगे फोन

आम मतदाताओं को आवश्यक सहायता एवं जानकारी उपलब्ध कराने के लिए जिला मुख्यालय पर जिला संपर्क केंद्र की सुविधा उपलब्ध रहेगी। यह केंद्र प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से शाम 6 बजे तक संचालित रहेगा। मतदाता 01482-220093 अथवा टोल फ्री नंबर 1950 पर संपर्क कर जानकारी एवं सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

स्थानीय उत्पादों की खरीदारी कर 'लोकल फॉर वोकल' को दें बढ़ावा: कोठारी

भीलवाड़ा ।दीपावली के पावन पर्व पर भीलवाड़ा विधायक अशोक कुमार कोठारी ने शहरवासियों से स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देने तथा स्वदेशी वस्तुओं की खरीदारी कर 'लोकल फॉर वोकल' को बढ़वा देने का आह्वान किया है।विधायक कोठारी शाम दीपावली पर स्थानीय बाजारों में पहुंचकर स्थानीय उत्पादों की खरीदारी के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'लोकल फॉर वोकल' संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया।विधायक कोठारी ने कहा कि दीपावली खुशियों, उल्लास और समृद्धि का पर्व है। इस अवसर पर हमारी छोटी-सी पहल किसी स्थानीय व्यापारी, कारीगर अथवा जरूरतमंद परिवार के जीवन में खुशियों का नया उजाला ला सकती है। इसलिए प्रत्येक शहरवासी को चाहिए कि वह स्वदेशी एवं स्थानीय उत्पादों को अपनाकर अपने क्षेत्र के आर्थिक विकास में सहभागी बने। इस दौरान पार्षद खुशबू -कमल कोठारी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।



ई-फाइल एवं ई-डाक की लंबित फाइलों को त्वरित निपटाएं: कलेक्टर



लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। विभिन्न विभागों की योजनाओं, लंबित प्रकरणों तथा सरकारी पोर्टलों पर लंबित मामलों की विस्तृत समीक्षा की गई।

कलेक्टर संधू ने संपर्क पोर्टल पर दर्ज लंबित प्रकरणों की बारीकी से समीक्षा करते हुए कहा कि इससे जुड़े प्रत्येक प्रकरण का निस्तारण गुणवत्ता एवं समयसीमा दोनों का ध्यान रखते हुए किया जाए। उन्होंने पीएचईडी, पंचायती राज एवं नगरीय निकाय सहित उन विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया जिनके अधिक प्रकरण लंबित हैं कि वे प्रकरणों के शीघ्र एवं प्रभावी निस्तारण पर विशेष ध्यान दें।

कलेक्टर संधू ने ई-फाइल, ई-डाक प्रणाली, एवं अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि डिजिटलीकरण की दिशा में जिले को अग्रणी बनाये रखने के लिए ई-फाइल एवं ई-डाक की लंबित फाइलों का त्वरित निस्तारण किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विभाग अपने-अपने कार्यक्षेत्र में जनसंतुष्टि को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समय पर पहुंचे, यह सुनिश्चित किया जाए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन) डॉ हरीतिमा, जिला परिषद सीईओ चंद्रभान सिंह भाटी, नगर विकास न्यास के ओएसडी पुनीत गेलड़ा सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

राजस्थान सरकार

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, अजमेर

क्रमांक /लेखा-एनएचएम/2026/8391 दिनांक : 5.11.2026

खुली निविदा सूचना संख्या - 8379/2026

(UBN No. MHS2627GSOB04346)

इस कार्यालय में एनवीबीडीसीपी कार्यक्रम के तहत मलेरिया की रोकथाम हेतु बीटीआई 5 प्रतिशत क्रय करने हेतु संबंधित फर्मों से खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा के संबंध में शर्तें sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

क्र. सं.	निविदा का विवरण	निविदा राशि रू.	अमानत राशि रू.	निविदा शुल्क राशि रू.	निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय	निविदा खोलने की दिनांक एवं समय
1	BTI 5% AS	536000	10720	500	दिनांक 16.11.26 समय दोपहर 11.00 बजे	दि. 16.11.26 समय प्रातः 02.00 बजे

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
अजमेर

DIPR/C/18279/2026

क्षेत्रीय कार्यालय
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, भीलवाड़ा
18-19, पन्नाधाय सर्किल, आजाद नगर, भीलवाड़ा
Email : rorpcb.bhilwara@gmail.com
www.environment.rajasthan.gov.in

दिनांकः-
क्रमांक-जन सुनवाई/2026-27/भीलवाड़ा/क्षे.का./रा.प्र.नि.मं/ 339 03.11.2026

पर्यावरण स्वीकृति के लिये लोक सुनवाई के लिए आम सूचना

1. सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैसर्स सूर्यम माइनिंग वर्ल्ड, द्वारा एम.एल. न. -12/1991, क्षेत्रफल-144.0 हेक्टेयर, (मिनरल्स-55619.90 टन प्रति वर्ष एण्ड वेस्ट-33806 टन प्रति वर्ष), क्वार्ट्ज, माइका, कायनाईट और वर्मीकुलेट-89425.90 टन प्रति वर्ष (टोटल हैंडलिंग), निकट ग्राम- धांगडास, तहसील- सहाड़ा, जिला- भीलवाड़ा में क्वार्टज, माइका, कायनाईट और वर्मीकुलाइट के प्रार्थना पत्र से संबंधित प्रस्तावित परियोजना बाबत पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु आवेदन स्टेट इनवायरमेंट इम्पेक्ट एसेसमेंट ऑथोरिटी, पर्यावरण विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।
2. चूँकि मैसर्स सूर्यम माइनिंग वर्ल्ड, द्वारा उक्त परियोजना के लिये पर्यावरणीय स्वीकृति के संबंध में पर्यावरणीय जनसुनवाई हेतु आवेदन मय दस्तावेजों के राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल (यहाँ तथा बाद में मण्डल के नाम से अभिहित) के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।
3. और चूँकि मण्डल को उक्तपरियोजना हेतु वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना संख्या एस.ओ. 1533 दिनांक 14.09.2006 के अनुसरण में जनसुनवाई हेतुइस आशय की सूचना जारी कर 30 दिवस का नोटिस दिया जाना अनिवार्य है।
4. उक्तपरियोजना से संबंधित पर्यावरणीय प्रभाव आकलन रिपोर्ट एवं संक्षिप्त कार्यपालक सार अवलोकनार्थ निम्न कार्यालयों में उपलब्ध हैं:-

1.कार्यालय जिला कलक्टर, भीलवाड़ा ,2. अतिरिक्तजिला कलक्टर, (Admin-), भीलवाड़ा, 3. राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, 4-पर्यावरण मार्ग, संस्थानिक क्षेत्र झालाना डूंगरी, जयपुर 4. पर्यावरण विभाग, शासन सचिवालय, राजस्थान सरकार, जयपुर, 5. कार्यालय जिला उद्योग केन्द्र, भीलवाड़ा, 6. कार्यालय खान एवं भू विज्ञान विभाग, भीलवाड़ा, 7. क्षेत्रीय कार्यालय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, A-209 एवं 218, अरण्य भवन, महात्मा गांधी मार्ग, झालाना इंस्टीट्यूशनल क्षेत्र, जयपुर, 8. क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, भीलवाड़ा 9. ग्राम पंचायत कार्यालय, सुरावास, तहसील- सहाड़ा, जिला- भीलवाड़ा

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आप उक्तपरियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति से सम्बंधित जन सुनवाई हेतु दिनांक 14.12.2026 ग्राम पंचायत कार्यालय, सुरावास, तहसील- सहाड़ा, जिला- भीलवाड़ा में 11.00 बजे उपस्थित होकर अपने लिखित एवं मौखिक सुझाव/आक्षेप प्रस्तुत कर सकते हैं। इस संबंध में लिखित सुझाव/आक्षेप इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय कार्यालय राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, भीलवाड़ा में भी प्रस्तुत कर सकते हैं।

क्षेत्रीय कार्यालय
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, भीलवाड़ा

क्षेत्रीय कार्यालय
REGIONAL OFFICE
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, भीलवाड़ा
RAJASTHAN STATE POLLUTION CONTROL BOARD, BHILWARA
Email:-rorpcb.bhilwara@gmail.com,www.environment.rajasthan.gov.in
International Year of Cooperatives

क्रमांक-जन सुनवाई/2026-27/भीलवाड़ा/क्षे.का./रा.प्र.नि.म/333/ दिनांक :

पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई के लिए आम सूचना

1. सर्व साधारण को सूचित किया जाता है मैसर्स सांवरिया इंटरप्राइजेज, (प्रो. श्री अंकित तिवारी पुत्र श्री जमना शंकर तिवारी), द्वारा वयु.एल. न. 07, (खादीपुर-डी), क्षेत्रफल-1.4810 हेक्टेयर, सैंड स्टोन -46050 टन प्रति वर्ष (आर.ओ.एम.) (क्लस्टर क्षेत्रफल 06.8654 हेक्टेयर खनिज अभियन्ता बिजौलिया के प्रमाण पत्र रेफरेंस न. 20629892 के अनुसार), खसरा न. 762, निकट ग्राम- खादीपुर, तहसील-बिजौलिया, जिला- भीलवाड़ा में सैंड स्टोन के प्रार्थना पत्र से सम्बधित प्रस्तावित परियोजना बाबत पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु आवेदन स्टेट इनवायरमेन्ट इम्पेक्ट एसेसमेन्ट ऑथोरिटी, पर्यावरण विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।
2. चूकि कि हैं मैसर्स सांवरिया इंटरप्राइजेज, द्वारा उक्त परियोजना के लिये पर्यावरणीय स्वीकृति के संबंध में पर्यावरणीय जनसुनवाई हेतु आवेदन मय दस्तावेजों के राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल (यहाँ तथा बाद में मण्डल के नाम से अभिलिखित) के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।
3. और चूकि मण्डल को उक्त परियोजना हेतु वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना संख्या एस.ओ. 1533 दिनांक 14.09.2006 के अनुसरण में जनसुनवाई हेतु इस आशय की सूचना जारी कर 30 दिवस का नोटिस दिया जाना अनिवार्य है।
4. उक्त परियोजना से संबंधित पर्यावरणीय प्रभाव आंकलन रिपोर्ट एवं संक्षिप्त कार्यपालक सार अभिलेख निम्न कार्यालयों में अवलोकनार्थ उपलब्ध हैं:-

1. कार्यालय जिला कलक्टर, भीलवाड़ा
2. अतिरिक्त जिला कलक्टर, (Admin.), भीलवाड़ा
3. राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, 4-पर्यावरण मार्ग, संस्थानिक क्षेत्र झालाना डूंगरी, जयपुर
4. पर्यावरण विभाग, शासन सचिवालय, राजस्थान सरकार, जयपुर
5. कार्यालय जिला उद्योग केंद्र, भीलवाड़ा
6. कार्यालय खान एवं भू विज्ञान विभाग, भीलवाड़ा
7. क्षेत्रीय कार्यालय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालयA-209 एवं 218, अरण्य भवन, महात्मा गांधी मार्ग, झालाना इंस्टीट्यूशनल क्षेत्र, जयपुर
8. क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, भीलवाड़ा
9. ग्राम पंचायत कार्यालय, सुखपुरा, तहसील बिजौलिया , जिला- भीलवाड़ा,

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आप उक्त परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति से सम्बंधित जन सुनवाई हेतु दिनांक 11.12.2026 ग्राम पंचायत कार्यालय, सुखपुरा, तहसील बिजौलिया, जिला-भीलवाड़ा में 11.00 बजे उपस्थित होकर अपने लिखित एवं मौखिक सुझाव/आक्षेप प्रस्तुत कर सकते हैं। इस सम्बंध में लिखित सुझाव/आक्षेप इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय कार्यालय राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, भीलवाडा में भी प्रस्तुत कर सकते हैं।

क्षेत्रीय अधिकारी, रा.प्र.नि.मं. भीलवाड़ा

कार्यालय नगर पालिका आसीन्द जिला भीलवाड़ा (राज.)

क्रमांक : नपाआ/2026/3642-44 दिनांक : 06.11.2026

लोकसूचना

अद्योहस्ताक्षरकर्ता को राजस्व ग्राम-आसीन्द पटवार हल्का आसीन्द के खातेदार ने आराजी न. 3796, 3797, 3797/1 रकबा 0.44 है. का आवासीय प्रयोजन हेतु उपयोग करने के लिये ऐसी भूमि के अपने अभिधृत को निर्वापन के लिये आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

क्र. सं.	ऑनलाईन पत्रावली क्रमांक	नाम खातेदार	आराजी न.	रकबा
01	LSGGLW90A 2026-27/ 11894	श्री रतनलाल छीपा पुत्र श्री नन्दलाल छीपा एवं श्री चान्दमल छीपा पुत्र श्री रतनलाल छीपा निवासी आसीन्द	3796, 3797, 3797/1	कुल किता 03 रकबा 0.44 है.

इसलिये, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्ति यों को सूचित किया जाता हैं कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिये भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं हैं और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

गयी। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 06/11/2026 को जारी की

प्राधिकृत अधिकारी, अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका, आसीन्द

आभा एप की छुट्टी और आरोग्य सेतु 2.0 का आगमन अब मोबाइल में रहेगी सेहत की पूरी कुंडली

मोबाइल में रखे जाएंगे डिजिटल हेल्थ रिकॉर्डः आरोग्य सेतु 2.0 संभालेगा सेहत की कमान

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत स्वास्थ्य सेवाओं के डिजिटल प्रबंधन में बड़ा बदलाव किया गया है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के निर्देशानुसार आभा पर्सनल हेल्थ रिकॉर्ड एप को बंद किए जाने के बाद, अब आरोग्य सेतु 2.0 के माध्यम से डिजिटल स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

अक्सर मरीजों को डॉक्टर के पास जाते समय पुरानी जांच रिपोर्ट और दवाइयों के पर्चे संभालकर ले जाने पड़ते थे, जिनके खोने का डर रहता था। मरीजों को इन परेशानियों से मुक्ति मिलेगी, पुराना आभा नंबर ही रहेगा मान्य सीएमएचओ डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने स्पष्ट किया है कि जिन नागरिकों के पास पहले से आभा नंबर है, उन्हें नया नंबर बनवाने या दोबारा पंजीकरण करने की कोई आवश्यकता नहीं है। वे अपने मौजूदा मोबाइल नंबर, आधार नंबर या आभा नंबर के जरिए आरोग्य सेतु 2.0 पर लॉगिन कर सकते हैं। यह एप केवल मेडिकल रिकॉर्ड देखने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके जरिए आसपास के प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्रों, ब्लड बैंकों और आयुष्मान योजना के तहत सूचीबद्ध अस्पतालों की जानकारी भी आसानी से मिल सकेगी। सभी राजकीय एवं निजी चिकित्सा संस्थानों को निर्देश दिए गए हैं कि वे ओपीडी में आने वाले मरीजों को इस एप के बारे में जानकारी दें और डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करें। मालूम हो कि आरोग्य सेतु 2.0 के जरिए स्वास्थ्य रिकॉर्ड को संभालना और डॉक्टरों के साथ साझा करना बेहद आसान हो गया है। हालांकि, इस व्यवस्था की असल सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि ग्रामीण क्षेत्रों, बुजुर्गों और तकनीकी जानकारी कम रखने वाले नागरिकों के लिए इसका उपयोग कितना सुगम और सरल बन पाता है।

सरकार का बड़ा प्रहारः खाद की कालाबाजारी की तो 3 से 7 साल की जेल, जुर्माना भी

निरीक्षण में 32 आदान विक्रेताओं पर अनियमितताएं, नोटिस जारी

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

किसानों के हितों की रक्षा और उन्हें रियायती दरों पर पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए राजस्थान सरकार ने अनुदानित यूरिया एवं डीएपी के दुरुपयोग, कालाबाजारी, अवैध भंडारण, जमाखोरी तथा औद्योगिक इकाइयों की ओर डायवर्जन पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए सख्त कदम उठाया है।

कृषि आयुक्तालय ने इस संबंध में कड़े निर्देश जारी किए हैं। किसानों के लिए निर्धारित सब्सिडी वाले उर्वरकों का गैर-कृषि कार्यों में उपयोग किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसी अनियमितताओं में संलिप्त व्यक्तियों के साथ-साथ कार्रवाई में लापरवाही बरतने वाले संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही भी तय की जाएगी। भीलवाड़ा जिले में कृषि विभाग के आदान निरीक्षकों द्वारा 400 से अधिक आदान विक्रेताओं का निरीक्षण पिछले 15 दिनों में किया गया। 32 विक्रेताओं के यहां अनियमितता मिलने पर नोटिस जारी किये है।

कृषि आयुक्त नरेश कुमार गोयल ने बताया कि भारत सरकार द्वारा किसानों को सस्ती दरों पर उर्वरक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यूरिया के प्रति बैग पर लगभग 2,700 रुपये तथा डीएपी के प्रति बैग पर लगभग 3,500 रुपये तक की भारी सब्सिडी दी जा रही है। इस वित्तीय सहायता का उद्देश्य किसानों की खेती की लागत कम करना, उन्हें आर्थिक राहत देना और कृषि उत्पादन को बढ़ावा देना है। ऐसे में अनुदानित उर्वरकों का औद्योगिक या अन्य गैर-कृषि कार्यों में उपयोग करना किसानों के हितों के साथ धोखा और सरकारी संसाधनों का दुरुपयोग है।

आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत उर्वरकों को आवश्यक वस्तु की श्रेणी में रखा गया है। धारा 7 के अंतर्गत उल्लंघन के मामलों में तीन माह से सात वर्ष तक के कारावास एवं जुर्माने का प्रावधान है। धारा 10 के तहत दोषी कंपनियों के साथ उनके जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध भी कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। इसके अतिरिक्त अवैध परिवहन में प्रयुक्त वाहनों को नियमानुसार जब्त करने का भी प्रावधान है। सभी उर्वरक निर्माता एवं विपणन कंपनियों, थोक एवं खुदरा विक्रेताओं तथा यूरिया का उपयोग करने वाली औद्योगिक इकाइयों को निर्धारित नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। अनुदानित कृषि ग्रेड यूरिया एवं डीएपी की अवैध बिक्री, डायवर्जन, निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर बिक्री अथवा गैर-कृषि उपयोग पाए जाने पर संबंधित दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

औद्योगिक इकाइयों को हर महीने देना होगा हिसाब

औद्योगिक, प्लाईवुड, रेजिन, पशु आहार तथा अन्य गैर-कृषि इकाइयों द्वारा यूरिया का उपयोग किए जाने पर उन्हें प्रत्येक माह गैर-अनुदानित यूरिया की खरीद तथा उससे संबंधित उत्पादन का विवरण विभागीय अधिकारियों को उपलब्ध कराना होगा। कालाबाजारी की शिकायत या अनियमितता सामने आने पर संबंधित दोषियों के विरुद्ध तत्काल नियमानुसार कार्रवाई करनी होगी। यदि कृषि अधिकारियों द्वारा कार्रवाई नहीं की जाती है, तो उनकी व्यक्ति गत जिम्मेदारी भी तय की जाएगी।

कालाबाजारी की सूचना देने वालों को नकद इनाम

मुखबिर योजना के तहत उर्वरकों की कालाबाजारी, अवैध परिवहन, जमाखोरी एवं डायवर्जन की प्रमाणिक सूचना देने वाले व्यक्ति यों को निर्धारित प्रावधानों के अनुसार नकद प्रोत्साहन अथवा इनाम राशि प्रदान की जाएगी।

भीलवाड़ा में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध

पूर्ण रबी मौसम में 9 हजार मैट्रिक टन उर्वरक की आवश्यकता है। अभी तक जिले में 10 हजार770 मैट्रिक टन प्राप्त हो चुका है। 6771 मैट्रिक टन कृषकों को वि य हो चुका है और 3 हजार 998 मैट्रिक टन विक्रेताओं के पास स्टॉक में है। यूरिया पूर्ण रबी मौसम में 40 हजार मैट्रिक टन की आवश्यकता है। अभी तक जिले में 27 हजार 409 मैट्रिक टन प्राप्त हो चुका है एवं 11 हजार 60 मैट्रिक टन कृषकों को विक्रय हो चुका है और 16 हजार 349 मैट्रिक टन वि ेताओं के पास स्टॉक में है।







स्वत्वाधिकारी प्रकाशक सम्पादक मुद्रक कैलाश त्रिवेदी द्वारा लोकजीवन मीडिया एण्ड पब्लिशर्स, नागौरी गार्डन भीलवाड़ा से मुद्रित एवं 207-214 नागौरी गार्डन, लोकजीवन कॉम्पलेक्स, भीलवाड़ा से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भीलवाड़ा ही होगा।
आर.एन.आई. नं. 27201/76 पोस्टल रजि. नं. भीलवाड़ा/103/2024-2026, (मो.) 83067-92625 फोन नं. 355985, जयपुर कार्यालय : D-38, प्रधान पथ, चौमू हाउस, सी स्कीम, जयपुर फोन : 0141-4038281, E-mail : lokjeewan@gmail.com

आयुर्वेद ही स्वस्थ जीवन का आधार: महंत मोहन शरण जी

आरोग्य भारती ने किया धनवंतरि पूजन एवं औषधीय हवन

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा



आरोग्य भारती भीलवाड़ा के तत्वावधान में दो दिवसीय धनवंतरि जयंती महोत्सव के तहत पूजन समारोह एवं विश्व कल्याण की कामना के साथ औषधीय हवन किया गया। शास्त्री नगर स्थित आदर्श विद्या मंदिर में धनवंतरि पूजन समारोह के मुख्य वक्ता निम्बार्क आश्रम के महंत मोहन शरण शास्त्री ने भगवान धनवंतरि एवं आयुर्वेद के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में भागदौड़ भरी जिंदगी और बीमारियों से बचने के लिए आयुर्वेद की उपादेयता और अधिक बढ़ गई है। हमें अपनी प्राचीन चिकित्सा पद्धति को अपनाना होगा।

मुख्य अतिथि सांसद दामोदर अग्रवाल ने कहा कि आज का भारत वैश्विक पटल पर एक समृद्ध राष्ट्र की श्रेणी में खड़ा है। देश में अब संसाधनों की कोई कमी नहीं है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी भारत आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर है।

अध्यक्षता विधायक अशोक कोठारी ने की। उन्होंने स्वास्थ्य संवर्धन में आयुर्वेद एवं गो माता की उपादेयता पर बल दिया।

आरोग्य भारती चितौड़ प्रांत के संरक्षक डॉ.डी.एल.काष्ट ने संगठन का परिचय देते हुए इसके सेवाभावी उद्देश्यों के बारे में बताया। प्रांत सचिव कैलाश सोमानी ने वर्ष भर में किए गए कार्यों एवं गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। पटेल नगर स्थित आयुष्काम चिकित्सालय में विशेष धनवंतरि हवन का आयोजन किया गया। आरोग्य भारती भीलवाड़ा के सचिव डॉ.संजय कुमार शर्मा ने बताया कि हवन में विशेष औषधीय समिधाओं (जड़ी-बूटियों) की आहुतियां दी गईं।

सिंधु संस्कार सेवा समिति ने सफाईकर्मियों का किया सम्मान



भीलवाड़ा । बापूनगर स्थित पूज्य झूलेलाल मंदिर में सिन्धु संस्कार सेवा समिति द्वारा वार्ड संख्या 7 एवं 11 के सफाईकर्मियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया। महामंत्री जीतेन्द्र मोटवानी ने बताया कि वार्डों की सर्किल इंस्पेक्टर लता देसाई का समिति की मीना लिमानी एवं वर्षा मोटवानी ने साफा पहनाकर सम्मान किया। मंदिर के उद्धवदास भगत, दौलतराम सामतानी, भगवान पुरगानी, हरीश मानवानी, सुंदरदास मोरवानी, डालूमल सोनी, आसनदास लिमानी एवं हर्षित मानवानी ने जमादार पारस चनाल, जमादार महेश नन्दन, श्याम अठवाल, आशीष सिगोलिया, ध्रुव पंडित एवं सभी सफाईकर्मियों का माल्यार्पण एवं स्वागत-सत्कार कर सम्मानित किया। समिति के प्रमुख हरीश मानवानी ने बताया कि सफाईकर्मी हमारे समाज और शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

दिवाली पर आजाद नगर सी सेक्टर में स्वच्छता दूतों का सम्मान



भीलवाड़ा । दीपावली के अवसर पर शहर के आजाद नगर सी सेक्टर वार्ड 13 में नगर निगम के स्वच्छता दूतों (सफाई कर्मचारियों) का आज सुबह क्षेत्रीय पार्षद पं.हिमांशु शर्मा के नेतृत्व में सम्मान किया गया। टंकी वाले पार्क में हुए समारोह में पार्षद शर्मा ने बताया कि ये स्वच्छता दूत वार्ड में निरंतर सफाई कार्य कर हमेशा वार्ड को स्वच्छ रखते हैं।

प्राचीन बावड़ियों के संरक्षण की दिशा में विधायक कोठारी की पहल - श्याम विहार स्थित बावड़ी का किया निरीक्षण, सफाई कार्य देखा

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा



प्रधानमंत्री जल संरक्षण अभियान के तहत शहर की प्राचीन बावड़ियों के संरक्षण, सफाई एवं जल के सदुपयोग को लेकर भीलवाड़ा विधायक अशोक कुमार कोठारी लगातार प्रयासरत हैं। इसी क्रम में विधायक कोठारी ने श्याम विहार स्थित प्राचीन बावड़ी का निरीक्षण किया तथा वहां चल रहे सफाई कार्यों की जानकारी ली।

विधायक कोठारी ने संबंधित को निर्देश दिए कि बावड़ी की सफाई एवं आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद पानी की समुचित जांच करवाई जाए। पानी के सभी निर्धारित मानकों पर खरा उतरने और पीने योग्य पाए जाने पर जलदाय विभाग के माध्यम से इसे क्षेत्रवासियों को वितरित करने की व्यवस्था की जाए, ताकि प्राचीन जल स्रोतों में उपलब्ध जल का जनहित में उपयोग हो सके।

उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व शहर की सीताराम जी की बावड़ी एवं पेंच के बालाजी की बावड़ी की सफाई एवं आवश्यक जांच के बाद वहां के पानी को पेयजल योग्य बनाकर उपयोग में लिया जा चुका है। श्याम विहार की बावड़ी को भी इसी क्रम में विकसित कर क्षेत्रवासियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं।विधायक कोठारी ने कहा कि शहर की प्राचीन बावड़ियां हमारी ऐतिहासिक धरोहर होने के साथ जल संरक्षण के महत्वपूर्ण केंद्र भी हैं। इनके संरक्षण, स्वच्छता और जल के उचित उपयोग से जल संकट को कम करने में मदद मिल सकती है। इस दौरान विधायक कोठारी के साथ एडवोकेट अर्पित कोठारी, गजेन्द्र सिंह, केदार जागेटिया, कमल कोठारी, पार्षद दिनेश सुथार, राघव आचार्य, भगत सेन आदि लोग उपस्थित रहे।







ग्यारह दिवसीय निःशुल्क योग शिविर का समापन

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा



बापूनगर भीलवाड़ा के हेमू कालानी उद्यान में पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के सानिध्य में योग शिक्षक भंवरलाल शर्मा द्वारा आयोजित 11 दिवसीय निःशुल्क योग शिविर का समापन हुआ।

भारत स्वाभिमान न्यास के जिला प्रभारी प्रेम शंकर जोशी के अनुसार शिविर में विभिन्न योग प्राणायाम सिखाए गए। आखिरी दिन योग प्रशिक्षक पुनित शर्मा एवं पियूष शर्मा ने एडवांस आसनों का प्रदर्शन किया। बंशी लाल शर्मा (पारस) के मुख्य आतिथ्य एवं भूपेंद्र मोगरा संरक्षक भारत स्वाभिमान की अध्यक्षता में समापन समारोह में योग शिक्षक भंवर लाल शर्मा, मोहन चंद्र जोशी, अशोक कनोजिया, दिव्यांश सेन को शोल, पगड़ी, उपरना ओढ़ाकर सम्मानित किया। जय प्रकाश भाटिया, समाजसेवी जयकांत पत्रिका एवं रविन्द्र भाटिया ने योग शिविर के लाभ बताए। फिट इंडिया फिट भीलवाड़ा मुहिम के तहत सभी को स्टील के गिलास वितरित किए गए। सभी ने डिस्पोजल के बहिष्कार का एवं नशामुक्ति का संकल्प दिलाया।

सीए फाउंडेशन परीक्षा में भीलवाड़ा के विद्यार्थियों ने मारी बाजी

जिले में अनुमिता प्रथम, खुशी ने द्वितीय एवं मोहनीश का तृतीय स्थान

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

दी इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) द्वारा घोषित सीए फाउंडेशन सितंबर 2026 परीक्षा परिणाम में भीलवाड़ा के विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त करते हुए शहर का नाम गौरवान्वित किया है। अनुमिता झा ने जिले में प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि खुशी माहेश्वरी ने द्वितीय एवं मोहनीश माथुर ने तृतीय स्थान प्राप्त कर शहर व अपने परिवार का नाम रोशन किया।

भीलवाड़ा शाखा के अध्यक्ष सीए दिनेश सुथार ने बताया कि देशभर में कुल 1,04,240 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें से 19,736 विद्यार्थी सफल घोषित किए गए। राष्ट्रीय स्तर पर परीक्षा का उत्तीर्ण प्रतिशत 18.93 प्रतिशत रहा। वहीं भीलवाड़ा से 484 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें से 139 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की। इस प्रकार शहर का परिणाम 28.72 प्रतिशत रहा, जो राष्ट्रीय औसत से काफी बेहतर एवं प्रेरणादायक है।शाखा सचिव सीए पुलकित राठी, उपाध्यक्ष सीए एस.एन. लाठी, कोषाध्यक्ष सीए अक्षय सोडानी ने कहा कि विद्यार्थियों का राष्ट्रीय औसत से बेहतर प्रदर्शन यह दर्शाता है कि भीलवाड़ा में प्रोफेशनल शिक्षा के प्रति सकारात्मक एवं प्रेरणादायी वातावरण विकसित हुआ है।

लक्ष्मीनारायण मंदिर में अन्नकूट महोत्सव 10 को



भीलवाड़ा। दीपावली के पावन पर्व एवं कार्तिक मास के शुभ अवसर पर शहर के श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर में मंगलवार को अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर भगवान श्री लक्ष्मीनारायण का विशेष श्रृंगार किया जाएगा तथा भगवान को विभिन्न प्रकार के व्यंजनों एवं छप्पन भोग का भोग अर्पित कर पूजा-अर्चना की जाएगी। मंदिर ट्रस्टी श्री ओम अग्रवाल ने बताया कि अन्नकूट महोत्सव को लेकर मंदिर में विशेष तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने समस्त धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से सपरिवार मंदिर पहुंचकर भगवान श्री लक्ष्मीनारायण के दर्शन करने एवं अन्नकूट महोत्सव में भाग लेने का आग्रह किया। मंदिर के पुजारी पं. विष्णु प्रकाश शर्मा ने बताया कि भगवान का विशेष पूजन, श्रृंगार एवं भोग अर्पण कर विश्व कल्याण, सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की जाएगी।

आयुर्वेद से ही संभव है संपूर्ण स्वास्थ्य का संवर्धन

श्रद्धा से मनाई भगवान धनवंतरी जयंती

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा



प्राच्य चिकित्सा पद्धति और जन-कल्याण के संकल्प के साथ कार्यालय उपनिदेशक, आयुर्वेद विभाग में आरोग्य के देवता भगवान धनवंतरी की जयंती श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर जिले के समस्त नोडल केंद्रों, आयुष्मान आरोग्य केंद्रों, चिकित्सालयों एवं औषधालयों में भी विविध धार्मिक व जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।जिला स्तरीय मुख्य समारोह की शुरुआत उपनिदेशक ओम प्रकाश नागर एवं सहायक निदेशक रामस्वरूप शर्मा द्वारा भगवान धनवंतरी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन-अर्चन कर की गई। समारोह को संबोधित करते हुए उपनिदेशक नागर ने कहा कि आयुर्वेद न केवल भारत की प्राचीनतम धरोहर है, बल्कि यह पूर्णतः वैज्ञानिक और जीवनशैली को संतुलित करने वाली चिकित्सा पद्धति है। उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि आयुर्वेद के दूरगामी स्वास्थ्य लाभों को आमजन तक पहुँचाने के लिए ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। सहायक निदेशक शर्मा ने कहा कि दैनिक जीवन में आयुर्वेद के नियमों और प्राकृतिक आहार-विहार का पालन करके कई गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। इस दौरान कई चिकित्सा अधिकारी, वरिष्ठ वैद्यगण एवं मंत्रालयिक संवर्ग स्टाफगण उपस्थित थे। अंत में सभी कार्मिकों ने आयुर्वेद विस्तार और अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को स्वास्थ्य लाभ पहुँचाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।



सभी प्रदेशवासियों को दीपावली के पावन पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



समस्त वार्डपंचगण एवं समस्त ग्रामवासी
कार्यालय ग्राम पंचायत उलेला, पंचायत समिति खजूरी जिला भीलवाड़ा

सभी प्रदेशवासियों को दीपावली के पावन पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं










राधाकिशन
उपसरपंच
वार्ड नंबर 5


जेतु देवी दरोगा
वार्ड नंबर 1
वार्डपंच


प्रभु सिंह राजपूत
वार्ड नंबर 2
वार्डपंच


मौसमी देवी मीणा
वार्ड नंबर 3
वार्डपंच


फोरू लाल मीणा
वार्ड नंबर 4
वार्डपंच


शंकर लाल भील
वार्ड नंबर 6
वार्डपंच


विमला देवी गुर्जर
वार्ड नंबर 7
वार्डपंच

शुभेच्छु

उप सरपंच एवं समस्त वार्डपंचगण एवं समस्त ग्रामवासी
कार्यालय ग्राम पंचायत किशनगढ़, पंचायत समिति खजूरी जिला भीलवाड़ा

डोहरिया ग्राम पंचायत में लिखी विकास की इबारत

पंचायत बजट के अलावा हुए ऐतिहासिक विकास कार्य

भीलवाड़ा । शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत डोहरिया में पूर्व विधायक रामरतन बैरवा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक कैलाश मेघवाल सहित वर्तमान विधायक डॉ.लालाराम बैरवा, सांसद दामोदर अग्रवाल की अनुशंसाओं पर राज्य सरकार द्वारा ऐतिहासिक विकास कार्य स्वीकृत किए। जिला भाजपा कार्यसमिति सदस्य एवं निवर्तमान सरपंच सत्यप्रकाश बैरवा ने क्षेत्रवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए बताया कि उनके कार्यकाल के दौरान ग्राम पंचायत डोहरिया में राज्य सरकार ने कई ऐतिहासिक कार्य स्वीकृत किए हैं। इन सभी स्वीकृत विकास कार्यों में पंचायत, पंचायत समिति, जिला परिषद सहित विधायक एवं सांसद कोष का उल्लेख नहीं है। बैरवा ने राजस्थान सरकार सहित विकास में योगदान देने वाले सभी जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ग्राम पंचायत के क्षेत्र वासी किए गए ऐतिहासिक विकास को सदैव याद रखेंगे।



ये विकास कार्य हुए मंजूर

1.काशीपुरा से रहड़ तक सड़क डामरीकरण व सीसी निर्माण कार्य 2.10 करोड़ रुपए।
2.डोहरिया से बड़ला रास्ते पर पुलिया व सीसी निर्माण कार्य 1.20 करोड़ रुपए।
3.फुलिया कलां से माताजी का खेड़ा रोड ,निकट डोहरिया पुलिया निर्माण कार्य 2.34 करोड़ रुपए।
4.तस्वारिया बांसा रोड से काशीपुरा तक सड़क डामरीकरण व सीसी मय पुलिया निर्माण कार्य 3.0 करोड़ रुपए।
5.काशीपुरा से माली खेड़ा तक सड़क डामरीकरण व सीसी निर्माण कार्य 1.57 करोड़ रुपए।
6. उप स्वास्थ्य केन्द्र डोहरिया में भवन निर्माण कार्य 0.55 करोड़ रुपए।
7.रा.उ.प्रा.वि.काशीपुरा में 2 कक्षा कक्ष निर्माण कार्य 0.20 करोड़ रुपए।
8.रा.बा.उ.प्रा.वि.डोहरिया में 4 कक्षा कक्ष निर्माण कार्य 0.40 करोड़ रुपए।
9.रा.उ.मा.वि. डोहरिया में विज्ञान एवं कृषि संकाय स्वीकृति कार्य।
10.रा.उ.मा.वि. डोहरिया में प्रार्थना स्थल पर टीनशैड निर्माण कार्य 0.17 लाख रुपये।
11.रा.उ.मा.वि.डोहरिया में खेल मैदान निर्माण कार्य।
12.ग्राम पंचायत मुख्यालय पर लाइब्रेरी निर्माण कार्य।
13.रा.उ.मा.वि.डोहरिया में अतिरिक्त कक्षा कक्ष व प्रयोगशाला निर्माण कार्य।
14. नाहर सागर बांध सहित नहरों का सुदृढ़ीकरण व माइनर निर्माण कार्य 21.27 करोड़
15. डोहरिया से तस्वारिया बांसा तक रोड़ का सुदृढ़ीकरण कार्य 0.90 करोड़ रुपए।
16.डोहरिया से सरदारपुरा तक रोड़ का सुदृढ़ीकरण कार्य 0.75 करोड़ रुपए।
17.काशीपुरा में पेयजल टंकी निर्माण कार्य
18.डोहरिया ग्राम पंचायत के काशीपुरा व उम्मेदपुरा को ग्राम पंचायत में यथावत रखना।

पूर्व विधायक रामरतन बैरवा के कार्यकाल (2003 से 2008) में हुए विकास कार्य

1.राप्रावि काशीपुरा को कक्षा कक्ष सहित राउप्रावि में क्रमोन्नत करना।
2.राप्रावि सरदारपुरा को कक्षा कक्ष सहित राउप्रावि में क्रमोन्नत करना।
3.डोहरिया में कक्षा कक्ष सहित नवीन राबाउप्रावि खोलना।
4.राउप्रावि डोहरिया को कक्षा कक्ष सहित रामावि में क्रमोन्नत करना।
5.रागांपा शिवकोलोनी व भैरुखेड़ा को राप्रावि में परिवर्तित करना।
6.शिवकोलोनी में नवीन आंगन बाड़ी केन्द्र खोलना।
7.तस्वारियां बांसा से डोहरिया तक सड़क डामरीकरण मय पुलिया निर्माण करना।
8. कनेछन कलां से सरदारपुरा तक सड़क डामरीकरण व सीसी निर्माण करना।
9. नाहर सागर बांध की नहर को पक्का करना।
10. शिवकॉलोनी में सीसी रोड़ निर्माण कार्य।
11. काशीपुरा नहर से भैरुखेड़ा नीमढण्ड तक सड़क डामरीकरण कार्य।
12.काशीपुरा एनीकट निर्माण करना।

नवजात को दुर्लभ नेगेटिव रक्त और गंभीर महिला को स्लेटलेट्स देकर बचाई जान

भीलवाड़ा। महात्मा गांधी अस्पताल में धनतेरस पर मानवता की मिसाल देखने को मिली। दो गंभीर मामलों में देर रात रक्तदाताओं ने आगे आकर मरीजों को नया जीवन दिया। अस्पताल के आईसीयू में भर्ती एक महिला मरीज को तत्काल फ्रेश प्लेटलेट्स की आवश्यकता थी। सूचना मिलते ही रक्तदाता विजय कोली तुरंत महात्मा गांधी ब्लड सेंटर पहुंचे और तत्परता दिखाते हुए एसडीपी दान कर महिला को राहत पहुंचाई।वहीं, एक अन्य मामले में देर रात एक नवजात शिशु को दुर्लभ निगेटिव रक्त की आपात जरूरत पड़ी। इसकी जानकारी मिलते ही रक्तदाता ललित माली ने मानवता का परिचय दिया और ठीक रात 12 बजे ब्लड बैंक पहुंचकर नवजात के लिए रक्तदान किया, जिससे मासूम की जान बचाई जा सकी और परिजनों के चेहरे पर खुशियां लौट आईं। रक्तदान प्रेरक विक्रम दाधीच ने बताया कि धनतेरस पर भगवान धन्वंतरि की पूजा-अर्चना के साथ दान का भी विशेष महत्व होता है। मानवता के इन सिपाहियों ने संकट के समय रक्तदान कर परिवारों के जीवन में रोशनी बिखेरी है। इस पुनीत कार्य और आपातकालीन व्यवस्था में डॉ. दीपक गोयल, डॉ. जया शेखावत और कमलेश मीणा का विशेष व सराहनीय सहयोग रहा।

सुरक्षा और मुनाफे का बेहतरीन संगम : आईसीआईसीआई रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने लॉन्च किया गारंटीशुदा इंडेक्स्ड पेंशन प्लान

लोकजीवन न्यूज नेटवर्क, मुंबई

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड ने हाल ही में आईसीआईसीआई लाइफ गारंटीशुदा इंडेक्स्ड पेंशन योजना लॉन्च की है। यह नया सेवानिवृत्ति आय उत्पाद ग्राहकों को गारंटीशुदा एन्युटी और वेरिएबल एन्युटी का एक अनूठा मिश्रण प्रदान करता है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य बढ़ती जीवन प्रत्याशा और मुद्रास्फीति के दौर में पॉलिसीधारकों को वित्तीय स्थिरता के साथ-साथ बाजार से जुड़ी आय वृद्धि का लाभ देना है। इस प्लान के तहत ग्राहक अपनी वित्तीय जरूरतों और जोखिम लेने की क्षमता के आधार पर 60 प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक का हिस्सा गारंटीशुदा एन्युटी के रूप में चुन सकते हैं, जबकि शेष राशि निफ्टी 50 टोटल रिटर्न इंडेक्स से जुड़ी होती है। यह अनूठी संरचना ग्राहकों को बाजार की चाल से जुड़कर अपनी सेवानिवृत्ति के वर्षों में आय बढ़ाने का अवसर देती है, जिससे वे महंगाई के प्रभाव से सुरक्षित रह सकते हैं। कंपनी के मुख्य उत्पाद अधिकारी विकास गुप्ता ने इस लॉन्च पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के समय में जब लोगों की जीवन प्रत्याशा बढ़ रही है, तब एक लंबी सेवानिवृत्ति अवधि के लिए सटीक योजना बनाना अत्यंत आवश्यक हो गया है।

बढ़ते खर्चों और बदलती वित्तीय प्राथमिकताओं के बीच ऐसा सेवानिवृत्ति समाधान होना बहुत जरूरी है जो स्थिरता देने के साथ-साथ बाजार की वृद्धि से लाभान्वित होने का मौका भी दे। यह नया पेंशन प्लान ग्राहकों को उनकी सुविधा के अनुसार आय का स्तर चुनने की अनुमति देता है, जिससे वे अधिक आत्मविश्वास और वित्तीय सुरक्षा के साथ अपने भविष्य की योजना बना सकते हैं। यह उत्पाद सिंगल-लाइफ और जॉइंट-लाइफ दोनों विकल्पों में उपलब्ध है और इसमें खरीद मूल्य की पूर्ण वापसी का प्रावधान भी शामिल है। यदि एन्युटीधारक या अंतिम जीवित व्यक्ति की दुर्भाग्यवश मृत्यु हो जाती है, तो नॉमिनी को कुल चुकाए गए प्रीमियम के बराबर मृत्यु लाभ प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा, आपातकालीन या फौरन नकदी की जरूरतों को पूरा करने के लिए इसमें चएन्युटी एडवांसज जैसी विशेष सुविधा भी जोड़ी गई है। इस फीचर के माध्यम से ग्राहकों को अगले पांच वर्षों तक मिलने वाली गारंटीशुदा एन्युटी का 99 प्रतिशत तक हिस्सा एकमुश्त राशि के रूप में पहले ही प्राप्त करने की सुविधा मिलती है। पॉलिसीधारक अपनी सुविधा के अनुसार मासिक, त्रैमासिक, छमाही या वार्षिक आधार पर एन्युटी भुगतान का विकल्प चुन सकते हैं। इसके साथ ही, ग्राहकों को स्वास्थ्य प्रबंधन और वेलनेस सेवाओं जैसी मूल्य वर्धित सेवाएं भी मिलती हैं, जो सेवानिवृत्ति के बाद की व्यापक जरूरतों को पूरा करने में सहायक हैं। इस उत्पाद के जरिए कंपनी ने अपने सेवानिवृत्ति समाधान पोर्टफोलियो का विस्तार किया है, जिससे ग्राहकों को अपनी दीर्घकालिक वित्तीय योजना के लिए अधिक लचीलापन मिलेगा। यह लॉन्च वित्तीय योजना को सरल बनाने और ग्राहकों के भविष्य को सुरक्षित करने की कंपनी की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है।


सोनी सब के कलाकारों ने ताज़ा कीं बचपन की सुनहरी यादें:

दीपावली की मद्धम रोशनी में छिपे हैं पारिवारिक जुड़ाव के अनमोल









लोकजीवन न्यूज नेटवर्क, मुंबई

दीपावली केवल दीपों का पर्व भर नहीं है, बल्कि यह पारिवारिक परंपराओं, पारंपरिक व्यंजनों, नए परिधानों और ऐसी शाश्वत स्मृतियों का उत्सव है जो समय के विराट फलक पर अमिट छाप छोड़ जाती हैं। यद्यपि आधुनिक युग में उत्सवधर्मिता के स्वरूप और तौर-तरीके बदले हैं, किंतु बाल्यकाल की दीपावली के संस्मरण आज भी मानस पटल पर अमिट रूप से अंकित हैं। इस पावन अवसर पर सोनी सब के लोकप्रिय कलाकारों—करुणा पांडे, मुकुल हरीश, विवाना सिंह और जितेन लालवानी—ने अपने बचपन की उन सुहानी यादों को साझा किया है, जिन्होंने इस पर्व को उनके जीवन में चिरस्मरणीय बना दिया है। लोकप्रिय धारावाहिक पुष्पा इम्पॉसिबल में मुख्य भूमिका निभाने वाली करुणा पांडे अपने बचपन के दिनों को याद करते हुए बताती हैं कि उनके पिता रक्षा सेवा में कार्यरत थे, जिसके कारण उनका परिवार देश के विभिन्न नगरों में यह पर्व मनाता था। घरों को दीयों और आलोकित श्रृंखलाओं से सजाना तथा आतिथ्य सत्कार के अंतर्गत आगंतुकों का तांता लगा रहना उस दौर की मुख्य विशेषता थी। माता के हाथों से बने लजीज व्यंजनों का स्वाद और बालसुलभ उत्सुकता इस बात पर टिकी होती थी कि यथाशीघ्र पूजा संपन्न हो, ताकि मिष्ठान्न का आनंद लिया जा सके। माता-पिता और बहन के साथ बिताए गए वे दिवस आज भी उनके जीवन की अमूल्य थाती हैं।

इसी श्रृंखला में, पुष्पा इम्पॉसिबल के ही एक अन्य कलाकार मुकुल हरीश के लिए दीपावली आज भी किसी जादुई अहसास से कम नहीं है। प्रातःकाल शीघ्र उठकर नवीन वस्त्र धारण करना और पिता की कारखाने में आयोजित होने वाली भव्य पूजा में सहभागिता करना उनके बाल्यकाल के सबसे आनंददायक प्रसंगों में से एक है। उल्लास से परिपूर्ण वातावरण, मिष्ठान्न और आतिशबाजी उस पर्व के अभिन्न अंग थे। वर्तमान समय में वे पर्यावरण के प्रति सचेत रहते हुए प्रकाश और पारंपरिक व्यंजनों के माध्यम से इस उत्सव की ऊर्जा को जीवंत रखते हैं।


उधर, हस्तिनापुर के वीर में गांधारी का किरदार निभाने वाली विवाना सिंह अपनी बहनों के साथ उत्सव की तैयारियों के संस्मरण साझा करती हैं। परिधानों के चयन से लेकर एक-दूसरे की साज-सज्जा में सहयोग करना और परस्पर आभूषणों का आदान-प्रदान करना उनके उस दौर के उल्लास को दर्शाता है। यह आपसी हँसी-मजाक और आत्मीयता इन यादों को और भी रमणीय बना देता है।

दूसरी ओर, उसी धारावाहिक के अभिनेता जितेन लालवानी के लिए दीपावली का अर्थ श्रम और अनुशासन से जुड़ा है। उनकी माताजी पर्व से पूर्व गृह-सफाई में उनका सहयोग अवश्य सुनिश्चित करती थीं। बाल्यकाल में यह श्रमसाध्य प्रतीत होता था, परंतु सहभागिता के कारण यह कार्य आनंददायक बन जाता था।

आज वे उन क्षणों को अपनी सबसे मूल्यवान स्मृतियों में शुमार करते हैं। स्पष्ट है कि दीपावली केवल एक बाह्य उत्सव नहीं, बल्कि अंतस को प्रदीप्त करने वाला वह पारिवारिक अनुष्ठान है, जो पीढ़ियों से हमारी सांस्कृतिक चेतना का संबल बना हुआ है। दर्शक अपने पसंदीदा कलाकारों के इन अनछुए पहलुओं का रसास्वादन पुष्पा इम्पॉसिबल और हस्तिनापुर के वीर के माध्यम से सोनी सब पर कर सकते हैं।







आम सूचना

दिनांक 06/11/2026

मैं मेरे व्यवहारी श्री रामसिंह पुत्र श्री भूर सिंह जाति राजपूत उम्र वयस्क निवासी सालरियाकला तहसील बनेड़ा जिला भीलवाड़ा-राज. से प्राप्त हिदायत एंव निर्देशानुसार हर खास व आम को सूचित करता हूँ कि श्री लाल सिंह पुत्र श्री रतन सिंह जाति राजपूत उम्र वयस्क निवासी सालरियाकलां तहसील बनेड़ा जिला भीलवाड़ा-राज. द्वारा ग्राम सालरिया पटवार हल्का भू.अ. नि. क्षेत्र सरदार नगर, तहसील बनेड़ा जिला भीलवाड़ा की आराजी संख्या 1172 रकबा 0.7588 हैक्टेयर किस्म नहरी द्वितीय (तीन पीपलिया का खेत) आराजी संख्या 1211 रकबा 0.5059 हैक्टेयर किस्म बीड बंजड (खेडा का खेत) आराजी संख्या 822 रकबा 0.5691 हैक्टेयर किस्म नहरी द्वितीय (तीन पीपलिया का खेत) को मेरे व्यवहारी को 10,00,000/- रूपये मे रहन रख कब्जा मेरे व्यवहारी को सिपुर्द किया है। तब से ही मेरे व्यवहारी का कब्जा चला आ रहा है, तथा लालसिंह से राशि की मांग करने पर भी राशि नही लौटायी है। जिस कारण मेरे व्यवहारी द्वारा लाल सिंह के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही अमल में लायी जा रही है।

अतः हर खास व आम को सूचित किया जाता है कि उक्त आराजी मेरे व्यवहारी के रहन शुदा है इसलिए श्री लाल सिंह पुत्र श्री रतन सिंह जाति राजपूत उम्र वयस्क निवासी सालरियाकलां तहसील बनेडा जिला भीलवाड़ा-राज अथवा इसके प्रतिनिधि आदि के साथ कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का संव्यवहार नही करे, यदि करता है तो उसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। सो सूचित रहे।

निसार अहमद छीपा
एडवोकेट
मो. 99286 00750

अहसान अहमद छीपा
एडवोकेट
मो.9414831552











भाविप विवेकानंद शाखा ने श्रवण बाधितों को बांटे कान के उपकरण

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा द्वारा आगामी पांच दिवसीय दीपोत्सव पर्व के उपलक्ष में सेवा और उल्लास का एक अनूठा संगम देखने को मिला।

पर्व की पूर्व संध्या पर शाखा भवन को आकर्षक और भव्य विद्युत सज्जा (लाइटिंग) से सजाया गया, जिससे पूरा प्रांगण दीपों के पर्व की रोशनी से जगमगा उठा। इस विशेष अवसर पर शाखा द्वारा समाज के एक अत्यंत महत्वपूर्ण और संवेदनशील वर्ग की सुधि लेते हुए जरूरतमंद लोगों को श्रवण यंत्र (कान की मशीनें) वितरित किए गए। शाखा अध्यक्ष गिरीश अग्रवाल ने इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि दीपोत्सव का वास्तविक आनंद दूसरों के जीवन में खुशियों का



दीया जलाने से ही संभव है। उन्होंने बताया कि दीपावली का यह पावन पर्व अंधकार को मिटाकर प्रकाश फैलाने का संदेश देता है, और हमारी यह छोटी सी पहल कम सुनने वाले जरूरतमंद भाई-बहनों के जीवन में संवाद की नई रोशनी लेकर आएगी। कार्यक्रम के दौरान सचिव केजी सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्था द्वारा समय-समय पर समाजोपयोगी और सेवा कार्य किए जाते हैं। इसी कड़ी में चिन्हित किए गए जरूरतमंदों को उच्च गुणवत्ता वाले श्रवण यंत्र प्रदान किए गए हैं ताकि वे भी समाज की मुख्यधारा से जुड़कर इस दीपोत्सव के उल्लास में पूर्ण रूप से भागीदार बन सकें। भवन पर की गई आकर्षक लाइटिंग को देखने और श्रवण यंत्र प्राप्त करने वाले लाभान्वितों के चेहरों पर आई मुस्कान ने आयोजन को और भी सार्थक बना दिया। इस सेवा कार्य से पूरे क्षेत्र में हर्षोल्लास का वातावरण है और स्थानीय नागरिकों ने विवेकानंद शाखा के इस मानवीय प्रयास की भूरी-भूरी प्रशंसा की है। 5

युवाओं को तम्बाकू से बचाने 60 दिवसीय विशेष अभियान शुरू, कलेक्टर ने किया पोस्टर विमोचन



भीलवाड़ा। युवाओं को तम्बाकू की लत से बचाने और समाज में तम्बाकू मुक्त वातावरण तैयार करने के उद्देश्य से जिले में 'टोबैको फ्री यूथ कैम्पेन 4.0' के तहत 60 दिवसीय विशेष अभियान शुरू किया गया है। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्तरीय तम्बाकू नियंत्रण समन्वय समिति की बैठक में जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने अभियान के पोस्टर का विमोचन कर इसका शुभारंभ किया। उन्होंने अधिकारियों को आपसी समन्वय से जमीनी स्तर तक जागरूकता फैलाने और नियमों की कड़ाई से पालना कराने के निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि यह अभियान मुख्य रूप से छह रणनीतियों पर केंद्रित रहेगा, जिसमें शिक्षण संस्थानों व गांवों को तम्बाकू मुक्त बनाना, सोशल मीडिया पर प्रचार, युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रेरित करना और सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम के तहत चालान की सख्त कार्रवाई शामिल है। यह संदेश स्कूल, कॉलेज से लेकर ग्राम स्तर तक पहुंचाया जाएगा।







रामधाम में कार्तिक मास से नए साल तक आयोजित होंगे धार्मिक कार्यक्रम, प्रदोष पर हुआ अभिषेक

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

रामधाम में प्रदोष पर शुक्रवार को पंडित रमाकांत शर्मा के सानिध्य में शिवालय में अभिषेक किया गया। धाम में कार्तिक मास और आगामी महीनों में भक्ति और श्रद्धा का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। विरक्त संत स्वामी प्रत्यक्षानंद जी महाराज द्वारा स्थापित इस पावन धाम में रामधाम रामायण मंडल ट्रस्ट के तत्वावधान में सिलसिलेवार कई बड़े धार्मिक आयोजनों की रूपरेखा तैयार की गई है। ट्रस्ट की ओर से श्रद्धालुओं को सपरिवार शामिल होने के लिए आमंत्रण पत्र प्रेषित करते हुए अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया गया है।

धार्मिक कार्यक्रमों की शुरुआत मंगलवार, 10 नवंबर को कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा के अवसर पर शाम 6 बजे अन्नकूट भोग और नंदी पूजन के साथ होगी। इसके बाद कार्तिक शुक्ल अष्टमी को मंगलवार, 17 नवंबर को प्रातः 11 बजे गोपाष्टमी पर्व का आयोजन किया जाएगा, जिसमें गौ माता का पूजन कर 56 भोग धराया



जाएगा। आध्यात्मिक सत्संग की श्रृंखला में महामंडलेश्वर स्वामी श्री अनन्तदेव जी महाराज के श्रीमुख से मार्गशीर्ष शुक्ल एकादशी के उपलक्ष्य में 12 दिसंबर से 20 दिसंबर 2026 तक भव्य गीता जयंती सत्संग सत्र का आयोजन होगा, जिसका समापन रविवार, 20 दिसंबर को गीता जयंती के दिन होगा। वहीं, नए साल की शुरुआत भी हरिस्मरण के साथ होगी, जिसमें 01 जनवरी से 10 जनवरी 2027 तक मारकंडेय संन्यास आश्रम के स्वामी प्रणवानन्द जी महाराज के सान्निध्य में भागवत संत सत्संग सत्र का आयोजन किया जाएगा। श्री रामधाम रामायण मंडल ट्रस्ट के अध्यक्ष सूर्यप्रकाश मानसिंहका एवं सचिव अभिषेक अग्रवाल ने सभी श्रद्धालुओं से इन समस्त कार्यक्रमों को अपना निजी आयोजन मानकर पधारने और पुण्य लाभ कमाने का आग्रह किया है।




एमजीएच में भगवान धन्वंतरि की पूजा कर की रोगियों के आरोग्य की कामना



भीलवाड़ा। महात्मा गांधी चिकित्सालय के पीएमओ कार्यालय में शुक्रवार को भगवान धन्वंतरि की पूजा की गई और अस्पताल परिसर में मौजूद सभी चिकित्सकों व कर्मियों ने देश और आमजन के अच्छे स्वास्थ्य व आरोग्यता की कामना की। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अरुण गौड़ ने आयुर्वेद और एलोपैथ दोनों चिकित्सा पद्धतियों के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस मौके पर एमजीएच उपनियंत्रक डॉ. कपिल शर्मा, नेत्र रोग विभागाध्यक्ष डॉ. रजनी गौड़, हड्डी रोग विभागाध्यक्ष डॉ. दिनेश बैरवा, चर्म रोग विभागाध्यक्ष डॉ. भागीरथ सिंह चौहान, एनेस्थिसिया विभागाध्यक्ष डॉ. वीरेंद्र शर्मा सहित कई वरिष्ठ चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ और अन्य प्रशासनिक कर्मचारी शामिल हुए।

धन-धन-धन... शुभ धनतेरस

धन-धन-धन
हे माता लक्ष्मी
दे धन दनादन
भरी रहे तिजोरी
यही हमारी कामना
संग हो नेकी और सद्भावना
कर्ज़ से रहे सदा दूरी
पूरी हो हर मजबूरी
चेहरे पर रहे हमारे ग्लो
और खुशियां कहे हेलो
लक्ष्मी जी ऐसी कृपा बरसाना
थक जाएँ गिनते-गिनते खजाना
रुपयों की हो बरसात
साथ हो खुशियों की सौगात
खरीदें सोना चाँदी हीरे मोती
हर धनतेरस यही इच्छा होती
खर्च करें हम बड़े शान से
आओ-आओ विराजों सा
कहें सभी हमें मान से
धन बरसे छप्पर फाड़
कुछ तो हम भी रखें जमीन में
गाड
डेबिट रे डिट एटीएम जीपे में
कार्ड सभी मुस्कुराये
बैलेंस हो इतना कि
जीने का मजा आ जाए
खरीददारी करें बेइंतहा
और बैलेंस कहे
डॉन्ट वेरी मैं हूँ ना
माता लक्ष्मी दे दो यही वरदान
नोटों की बौछार से
चेहरे पर खिले मुस्कान
आया आया आया
धनतेरस का शुभ दिन आया
दिल ने बधाई संदेशा पहुंचाया
हो मंगलमय यह त्यौहार
अक्षरा की बधाई
करें स्वीकार।



मधु भूतड़ा अक्षरा
जयपुर।









श्री नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री


श्री नीतिन नवीन
राष्ट्रीय अध्यक्ष-भाजपा



श्री भजनलाल शर्मा
मुख्यमंत्री-राजस्थान



श्री मदन राठौड़-प्रदेश अध्यक्ष
भाजपा राजस्थान



श्री गोपाल खण्डेलवाल
विधायक-माण्डलगढ़



श्री प्रशांत मेवाड़ा
जिलाध्यक्ष-भीलवाड़ा

दीपोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं

सभी देशवासियों को धनतेरस, दीपावली व अन्नकूट की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं





किरण अहीर
सरपंच-ग्रा.पं. तिलस्वां



मंजू देवी मेघवंशी
सरपंच-ग्रा.पं. कास्यां



रेखा धोबी
सरपंच-ग्रा.पं. गुढ़ा



लाली बाई
सरपंच-ग्रा.पं. खेरखेड़ा



राजू कंजर
सरपंच-ग्रा.पं. इन्द्रपुरा

नरोत्तम धाकड़

सदस्य - डी.एम.एफ.टी. फंड भीलवाड़ा
ऊपरमाल सेण्ड स्टोन पर्यावरण समिति अध्यक्ष
जिला परिषद भीलवाड़ा
वार्ड संख्या 44 से भाजपा प्रत्याक्षी

-: शुभेच्छु :-

समस्त सरपंच एवं उपसरपंच व सभी वार्डपंच
ग्राम पंचायते तिलस्वां, कांस्या, गुढ़ा, खेरखेड़ा, इन्द्रपुरा

पंचायत समिति बिजौलियां, भीलवाड़ा (राज.)

धनतेरस पर सांवलिया सेठ को नोटों की पोशाक और स्वर्णिम आभूषणों से सजाया

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा



धनतेरस के पावन और पवित्र पर्व पर जिले के नौगांवा स्थित प्रसिद्ध श्री सांवलिया सेठ मंदिर में भगवान का अत्यंत भव्य, अलौकिक और मनमोहक शृंगार किया गया। मंदिर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष कमल कंदोई एवं सचिव कैलाश डाड ने बताया कि इस विशेष अवसर पर पुर के कारीगरों द्वारा तैयार पोशाक मंदिर के पुजारी दीपक एवं आनंद पाराशर ने भगवान को धारण कराई। मंदिर परिसर को और यहां पधारने वाले आराध्य देव के दर्शन को लेकर श्रद्धालुओं में गजब का उत्साह और आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। इसमें अंगरक्षक उदयलाल का सहयोग रहा। सुबह से ही मंदिर में च्जय श्री सांवलिया सेठज् के जयकारों के साथ पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा, जिससे हर आने वाला भक्त अपने आपको धन्य महसूस कर रहा था। इस बार भगवान सांवलिया सेठ के शृंगार की सबसे अनूठी और मुख्य विशेषता उनकी अद्भुत वेशभूषा रही। प्रभु के आभा-मंडल और पोशाक को भारतीय मुद्रा यानी पचास और बीस रुपये के नए व करारे नोटों से बेहद कलात्मक तरीके से सजाया गया था। नोटों को सुंदर पंखों और चक्रों की आकृतियों में पिरोकर पोशाक का रूप दिया गया था, जो देखते ही बन रहा था। इसके साथ ही, भगवान के मस्तक पर सुशोभित सुंदर स्वर्णिम मोर मुकुट और गले में धारण कराया गया अत्यंत भव्य स्वर्णिम कंठा व मोतियों की मालाएं उनकी दिव्यता में चार चांद लगा रही थीं। प्रभु के हाथों में सुशोभित पारंपरिक शंख, चक्र, गदा और बांसुरी के स्वरूप ने भक्तों का मन मोह लिया। गुलाबी कमल के फूलों की पंखुड़ियों और कलियों से बनी मालाओं ने संपूर्ण विग्रह को और अधिक आकर्षक बना दिया। इस अलौकिक झांकी के दर्शन कर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे और देश-प्रदेश में सुख-समृद्धि की कामना की।

इको पार्क में पीली मिट्टी के लिए चारदीवारी फांदने के जोखिम से निजात दिलाने की मांग

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा



हमीरगढ़ इको पार्क में धनतेरस के पावन पर्व पर पूजा-अर्चना के लिए पीली मिट्टी लेने पहुंचे ग्रामीणों और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को वन विभाग के उड़नदस्ते ने नियंत्रित किया। इस दौरान चारदीवारी फांदकर और दीवार तोड़कर वन क्षेत्र में प्रवेश करने के कारण सुरक्षा को लेकर अफरा-तफरी की स्थिति बनी रही। घटना की जानकारी मिलते ही उपसभापति जगदीश वैष्णव और पर्यावरण प्रेमी सत्यनारायण व्यास मौके पर पहुंचे। उन्होंने क्षेत्रीय वन अधिकारी मुरारी लाल कुमावत तथा इको पार्क प्रभारी हरिशंकर बिश्नोई को स्थिति से अवगत कराते हुए समस्या के स्थायी समाधान की मांग की।

जनप्रतिनिधियों ने सुझाव दिया कि हर साल धनतेरस पर भोर होते ही आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु परंपरा के अनुसार पीली मिट्टी लेने आते हैं। चारदीवारी ऊंची होने के कारण लोग जोखिम उठाकर दीवार लांघते हैं या उसे क्षतिग्रस्त कर देते हैं, जिससे वन क्षेत्र की सुरक्षा में अड़चन पैदा होती है और हादसों का अंदेशा बना रहता है। समस्या के निवारण के लिए उन्होंने वन अधिकारियों से बिहारीपुर चौराहे वाले गेट से श्रद्धालुओं को व्यवस्थित प्रवेश देने, वर्तमान स्थल पर आवागमन के लिए सुरक्षित सीढ़ियों का निर्माण कराने की मांग की।

भाविप ने 151 जरूरतमंद बालिकाओं के साथ बांटी दीपावली की खुशियां



भीलवाड़ा। दीपावली के पावन पर्व पर वंचित तबके के घरों में खुशियों का उजास फैलाने के उद्देश्य से भारत विकास परिषद की चंद्रशेखर आजाद शाखा, भीलवाड़ा द्वारा शास्त्री नगर में एक विशेष सेवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। परिषद की ओर से 151 जरूरतमंद बालिकाओं को दिवाली किट भेंट कर उनके चेहरों पर मुस्कान बिखेरी गई। शाखा अध्यक्ष प्रदीप चौधरी ने बताया कि शास्त्री नगर क्षेत्र की 151 कच्ची बस्ती की बालिकाओं को 10-10 मिट्टी के दीपक, सरसों के तेल की शीशी, रुई-बत्ती, पटाखे एवं मिठाइयों से युक्त दीपावली उपहार पैकेट वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं की रचनात्मक प्रतिभा और सांस्कृतिक चेतना को प्रोत्साहित करने के लिए मांडना प्रतियोगिता आयोजित की गई। पौराणिक ज्ञान प्रश्नोत्तरी का आयोजन हुआ। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन भी किया गया। शाखा सचिव प्रशांत खटोड़ एवं कार्यक्रम प्रभारी दीपक समदानी के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष मोहित पगारिया, आर. एस. जी पोरवाल, अजय सोनी, विष्णु समदानी और रिंकू सोमानी ने व्यवस्थाओं में सक्रिय योगदान दिया। कार्यक्रम में महिला सहभागिता संयोजिका विजयलक्ष्मी समदानी के नेतृत्व में मातृशक्ति की विशेष भागीदारी रही। इस अवसर पर संगीता जागेटिया, मीनाक्षी आचार्य, निधि पोरवाल, कल्पना सोनी, आशा काबरा, रेखा समदानी, अनुश्री आचार्य, कौशल्या देवी समदानी और दिव्या काबरा मौजूद रही।

करेड़ा में दिनदहाड़े सूने घर से लाखों की नकदी व जेवर पार, गुलाबपुरा में बिजली तार चोरी

भीलवाड़ा। जिले में चोरों ने पुलिस के सामने बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है। धनतेरस के दिन चोरों ने दो अलग-अलग वारदातों को अंजाम देते हुए करेड़ा में जहां एक सूने मकान का ताला तोड़कर नगदी व जेवरात चुरा लिए, वहीं गुलाबपुरा में किलोमीटरों लंबी बिजली की लाइन के तार उड़ा दिए। करेड़ा कस्बे के बाहरी इलाके में रहने वाले प्रकाश माली के परिवार के सदस्य शुक्रवार सुबह खेत पर गए थे।

घर सूना देखकर चोरों ने ताले तोड़कर अंदर प्रवेश किया और अलमारी व सामान की तलाशी लेकर दो लाख रुपये नकद, सोने की मांडलिने, टॉप्स सहित अन्य जेवर और चांदी की कनगति व पायजेब समेट कर फरार हो गए। दोपहर में परिवार के लौटने पर चोरी का पता चला, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। दूसरी वारदात गुलाबपुरा थाना क्षेत्र के रुपाहेली इलाके में सामने आई। जयपुर के खातीपुरा निवासी लक्ष्मणदान सिंह चारण ने रिपोर्ट दी कि उनकी फर्म की ओर से रुपाहेली में बिजली के खंभों पर खींचे जा रहे एल्युमिनियम तार करीब 15 से 20 किलोमीटर तक चोरी कर लिए गए। पुलिस ने दोनों मामलों में प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश तेज कर दी है।

अनियंत्रित होकर खाई में पलटी कार हादसे में महिला की मौत, तीन घायल

भीलवाड़ा। नेशनल हाईवे-158 डी पर मोखमपुरा के निकट तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला, जहां पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने आगे चल रही कार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि आगे चल रही कार अनियंत्रित होकर हाईवे से नीचे खाई में जा गिरी और पलट गई। हादसे में कार सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें से एक महिला की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। आसींद थाने के नरपत सिंह के अनुसार, नाथ मोहल्ला, लादुवास निवासी मदन नाथ पुत्र हीरानाथ जोगी ने पुलिस को रिपोर्ट दी कि उनकी माता मंजू देवी (48), आसींद तहसील के बाघमाली निवासी अर्जुन नाथ (30), अर्जुन की प%ी लीला और पांच वर्षीय पुत्र लक्की नाथ गुजरात नंबर की कार से भीलवाड़ा से गहवाई जा रहे थे, जिसे अर्जुन नाथ चला रहा था। शाम करीब चार बजे मोखमपुरा के पास पीछे से आई एक अन्य कार ने उनकी गाड़ी को टक्कर दी। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों ने घायलों को बाहर निकालकर आसींद अस्पताल पहुंचाया। चारों की हालत गंभीर होने पर उन्हें भीलवाड़ा जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां चिकित्सकों ने मंजू देवी को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शुक्रवार को पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया और आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अनियंत्रित कार पानी के टैंकर और मजदूरों से टकराई, महिला सहित 3 की मौत, 8 घायल

भीलवाड़ा। चित्तौड़गढ़ जिले के बेगू थाना क्षेत्र के मेनाल में धनतेरस के दिन एक बेहद दर्दनाक हादसा हुआ, जिसने त्योहार की खुशियों को चीख-पुकार और मातम में बदल दिया। सांवरियाजी के दर्शन कर कोटा लौट रहे एक परिवार की कार पुलिया से अनियंत्रित होकर नीचे जा गिरी, जो नीचे पानी के टैंकर से टकराने के बाद हाईवे निर्माण कार्य में जुटे मजदूरों को अपनी चपेट में ले ली। इस भीषण हादसे में एक महिला सहित तीन मजदूरों की मौत हो गई, जबकि आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मेनाल में हाईवे निर्माण कार्य के दौरान मजदूर अपने काम में जुटे थे। तभी अचानक पुलिया से एक बेकाबू कार नीचे आ गिरी, जो पानी के टैंकर से टकराई और वहां काम कर रहे करीब आधा दर्जन मजदूरों को कुचल दिया। मौके पर अफरा-तफरी और चीख-पुकार मच गई। हादसे में जान गंवाने वालों में सांवता (50) पुत्र देवीलाल ओड (निवासी बोलपुरिया), प्रेम (34) प%ी शंभुलाल बंजारा (निवासी बंजारों की जलेरी), और बिहारीलाल (48) पुत्र नाथू बंजारा (निवासी बिलोना बड़ी, आरोली) शामिल हैं।

तेज रफ्तार कंटेनर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

भीलवाड़ा। जिले के शाहपुरा थाना क्षेत्र म एक तेज रफ्तार कंटेनर ने बाइक सवार 23 वर्षीय युवक को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे उसकी मौके पर ही गंभीर हालत हो गई और अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। यह हादसा माताजी का खेड़ा स्थित चंबल प्रोजेक्ट के पास हुआ। एमजीएच चौकी के राजेश मीणा ने बताया कि जहाजरपुर थाना क्षेत्र के गुड़ा गांव निवासी दिलखुश (23) पुत्र लालाराम मीणा बाइक से कहीं जा रहे थे। इसी दौरान शाहपुरा इलाके में माताजी का खेड़ा चंबल प्रोजेक्ट के पास एक तेज रफ्तार कंटेनर ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्करइतनी भीषण थी कि दिलखुश बुरी तरह घायल हो गए। गंभीर हालत में उन्हें तुरंत भीलवाड़ा जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवा पोस्टमार्टम करवाया गया।

सरपंच मीणा की पहल : 25 बालिकाओं के खुलवाए सुकन्या समृद्धि योजना के खाते

लोकजीवन न्यूज सर्विस, शाहपुरा



तहसील के ग्राम पंचायत डाबला कचरा के नवनिर्वाचित सरपंच प्रेमचंद मीणा ने पदभार ग्रहण करने के बाद बालिकाओं के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में सराहनीय पहल की है। उनके प्रयासों से पंचायत क्षेत्र की 25 बालिकाओं के पोस्ट ऑफिस में सुकन्या समृद्धि योजना के खाते खुलवाए गए। इस अवसर पर विमल झंवर के हाथों बालिकाओं को सुकन्या समृद्धि योजना की पासबुक वितरित की गई। इस पहल के तहत इन खातों में आगामी पांच वर्षों तक नियमित रूप से राशि जमा कराई जाएगी, ताकि बालिकाओं के भविष्य के लिए एक सुरक्षित आर्थिक बचत तैयार की जा सके। सरपंच प्रेमचंद मीणा ने कहा कि पंचायत क्षेत्र की प्रत्येक पात्र बालिका को सुकन्या समृद्धि योजना से जोड़ना उनका लक्ष्य है, ताकि कोई भी पात्र बालिका इस योजना के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने बालिकाओं के सुरक्षित भविष्य और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयास करने की प्रतिबद्धता जताई।

दिवाली आ गई, पर कई सड़कें बदहाल, वजह- डामर महंगा होने से 25 करोड़ के काम अटके

दिवाली से पहले सड़कें सुधारने के दावों की खुली पोल





लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

हिंदुओं का सबसे बड़ा त्यौहार दिवाली आ गया। इसके बावजूद शहर की कई सड़कों की स्थिति बेहद दयनीय बनी हुई है। नगर विकास न्यास (यूआईटी) द्वारा दिवाली से पहले सड़कों की स्थिति सुधारने और विकास कार्यों के दावों की पोल पूरी तरह खुल चुकी है। हालत यह है कि रेलवे फाटक अंडरब्रिज से डांगी फैक्ट्री होते हुए कुंभा सर्किल, पन्नाधाय सर्किल तक की मुख्य सड़क जगह-जगह से टूटी है। गड्ढे भी हो रहे हैं। लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही, पर इसे सुधारा नहीं गया। सीवरेज के चैंबर भी ऊंचे हैं।

जब इसकी तह तक जाने के लिए यूआईटी के अधिकारियों से संपर्क किया तो सामने आया कि ठेकेदार ने मरम्मत का काम समय पर शुरू नहीं किया। इसका कारण खाड़ी देशों के आर्थिक संकट और पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति ठप होने के कारण वैश्विक स्तर पर डामर की कीमतों में भारी उछाल आना बताया जा रहा है। कच्चे माल के दाम आसमान छूने से ठेकेदारों के बजट गड़बड़ा गए हैं, जिसके चलते यूआईटी के लगभग 25 करोड़ रुपए की लागत वाले सड़क निर्माण और सुदृढ़ीकरण के प्रोजेक्ट्स अधर में लटक गए हैं। वर्क ऑर्डर मिलने के बावजूद ठेकेदारों ने काम करने से हाथ खींच लिए हैं, जिससे शहर में डामरीकरण और पैचवर्क का काम पूरी तरह ठप पड़ा है।

सबसे ज्यादा परेशानी उन इलाकों में है जहाँ सीवेज लाइन डालने के लिए सड़कें खोदी गई थीं। त्यौहार के इस व्यस्त समय में भी आजाद नगर से अंडरब्रिज तक मुख्य मार्ग पर फैले गडढों और धूल के गुबार ने आम नागरिकों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। त्योहारों के पावन अवसर पर भी शहरवासियों को बदहाल सड़कों और धूल के भरोसे छोड़ दिया गया है, जिससे स्थानीय लोगों में प्रशासन के प्रति भारी नाराजगी देखने को मिल रही है।

इनका कहना है...

रेलवे अंडरब्रिज से पन्नाधाय सर्किल तक रोड मरम्मत के कार्य का टेंडर हो गया। ठेकेदार ने काम शुरू नहीं किया। उन्हें चेतावनी भी दी गई। अब तो दिवाली बाद ही काम शुरू हो जाएगा।

- राजू बढ़ारिया, एसई, यूआईटी

दीपोत्सव पर अग्नि सुरक्षा हाई अलर्ट: शहर में दमकल वाहन और फायरसूट तैनात

अग्निशमन विभाग का विशेष प्लान- पांच दिन रहेंगे पूरी तरह अलर्ट

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा



धनतेरस के साथ दीपोत्सव का आगाज हो चुका है, लेकिन बाजारों की भीड़ और आतिशबाजी के बीच आगजनी का खतरा भी कई गुना बढ़ गया है। इसी जोखिम को देखते हुए भीलवाड़ा नगर निगम का अग्निशमन विभाग अगले पांच दिनों तक पूरी तरह अलर्ट मोड पर रहेगा। जानकारी के अनुसार, शहर में आगजनी की किसी भी आपात स्थिति पर तत्काल काबू पाने के लिए कुल 7 दमकल वाहन तैनात किए जा रहे हैं।

संकरी गलियों में बड़ी गाड़ियों के पहुंचने में होने वाली परेशानी को ध्यान में रखते हुए एक विशेष छोटी गाड़ी भी तैयार रखी गई है। फायर स्टेशन इंचार्ज छोटूराम ने बताया कि एक दमकल सिटी कंट्रोल रूम के बाहर और दूसरी सिटी कोतवाली के बाहर तैनात रहेगी। इसके अलावा, शहर के पटरी पार क्षेत्र के लिए पटलनेर फायर स्टेशन के पास दो दमकल वाहन रिजर्व रहेंगे, जबकि तीन दमकलें नगर निगम के मुख्य अग्निशमन केंद्र पर उपलब्ध रहेंगी। आग बुझाने के दौरान दमकलकर्मियों की सुरक्षा के लिए 5 नए फायरसूट और हेलमेट मंगवाए गए हैं। साथ ही, सभी गाड़ियों में फोम केमिकल की व्यवस्था की गई है ताकि जरूरत पड़ने पर आग पर तुरंत काबू पाया जा सके। दीपोत्सव के दौरान विभाग के सभी 32 कर्मचारी चौबीसों घंटे मुस्तैद रहकर निगरानी करेंगे। प्रशासन और अग्निशमन विभाग अपनी पूरी तैयारी के साथ मुस्तैद हैं, लेकिन सुरक्षा केवल विभाग की जिम्मेदारी नहीं है। बाजारों में रास्ते अवरुद्ध न करना, बिजली के खुले तारों के पास आतिशबाजी से बचना और घरों में दीयों को सुरक्षित जगह पर रखना नागरिकों की सतर्कता को दर्शाता है। थोड़ी सी सावधानी ही दीपावली की खुशियों को सुरक्षित रख सकती है।

